CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 11 अंक : 100 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, बुधवार 29 अप्रेल, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162

## भजनलाल शर्मा ने पार्टी के प्रशिक्षण शिविर में पार्टी जनों को दिए आवश्यक टिप्स : 1 मई प्रशिक्षण शिविर महाअभियान का शुभारंभ

### प्रदेश भाजपा कार्यालय में भजन लाल शर्मा का भव्य स्वागत, पंडित दीनदयाल प्रशिक्षण शिविर महा अभियान में बीडी शर्मा, मदन राठौड़ और कई बड़े नेताओं ने पार्टी के संगठन की मजबूती के लिए पार्टी जनों को दिए गुरु मंत्र

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठने से पहले प्रदेश भाजपा के 20 साल तक लगातार महामंत्री रहे इन 20 सालों में प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी पर पांच अलग-अलग नेता विराजमान रहे लेकिन हर प्रदेश अध्यक्ष ने भजन लाल शर्मा को उनकी योग्यता और उनके संगठन में निपुण नॉलेज को देखते हुए अपनी टीम में उचित जगह दी इसीलिए पार्टी के संगठन को मजबूती देने के मामले में मुख्यमंत्री शर्मा के कार्यों की चर्चा आज भी प्रदेश भाजपा कार्यालय में ही नहीं बल्कि दिल्ली स्थित भाजपा के प्रधान कार्यालय में भी होती है यही वजह है कि मंगलवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में पंडित दीनदयाल प्रशिक्षण शिविर महाअभियान में प्रदेश भर से आए पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं में आत्मविश्वास और मजबूत करने तथा संगठन के मामलों में पार्टी जनों को आवश्यक टिप्स देने के लिए मुख्यमंत्री शर्मा खुद पार्टी कार्यालय में आए जहां पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ सहित पार्टी के संगठन से जुड़े तमाम नेताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया इस प्रशिक्षण शिविर में शिविर के संयोजक बीडी शर्मा, प्रदेश भाजपा



अध्यक्ष मदन राठौड़ और पार्टी के कई अन्य बड़े नेता मौजूद रहे इस विशेष प्रशिक्षण शिविर में पार्टी के सभी जिला अध्यक्ष, प्रशिक्षण शिविर के संयोजक, सहसंयोजक, प्रशिक्षण शिविर के प्रभारी और प्रदेश भाजपा के संगठन से जुड़े सभी बड़े नेता तथा पार्टी के विभिन्न मोर्चे और प्रकोष्ठों से जुड़े सभी बड़े नेता मौजूद रहे । प्रदेश भाजपा कार्यालय में मंगलवार को काफी देर तक आयोजित हुई यह प्रशिक्षण कार्यशाला निश्चित रूप से प्रदेश भाजपा के संगठन को मजबूती प्रदान करने में काफी सहायक साबित होगी क्योंकि कार्यशाला में आगामी 1 मई से पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर महा अभियान का पूरे प्रदेश भर में शुभारंभ किया जाएगा। इस अभियान में पार्टी के मंगलवार को प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने वाले पार्टी के संगठन से जुड़े नेता अपने-अपने क्षेत्र में केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार की ओर से संचालित की जा रही विभिन्न तरह की कल्याणकारी योजनाओं और राजस्थान सरकार की ओर से पिछले सवा दो साल में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय इत्यादि के बारे में लोगों को घर-घर जाकर विस्तार से जानकारी दी जाएगी इसके अलावा पानी, बिजली, सड़क, शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार, महिला सुरक्षा, कृषि, कानून व्यवस्था इत्यादि क्षेत्रों में किए गए शानदार विकास कार्यों और निर्णय के बारे में भी लोगों को इस अभियान के माध्यम से बताया जाएगा तथा पिछले दिनों संसद में कांग्रेस और उनके सहयोगी दलों की ओर से महिला आरक्षण बिल के पास होने में जो बाधा पहुंचाई गई इसके बारे में भी लोगों को बताया जाएगा क्योंकि महिला आरक्षण बिल को लेकर कांग्रेस पार्टी के नेता भी अपना एक अलग अभियान चलाए हुए हैं जिसमें कांग्रेस पार्टी के नेता लोगों में यह कहते हुए साफ नजर आते हैं कि कांग्रेस पार्टी कभी भी महिला आरक्षण बिल के विरोध में नहीं थी इसलिए महिला आरक्षण बिल्कुल लेकर कांग्रेस पार्टी के नेताओं की ओर से की जा रही बयानबाजी को पूरी तरह से गलत करार देने के लिए कैसे और किस तरह से भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को लोगों को बताना है इसके बारे में भी मंगलवार को प्रशिक्षण शिविर में पार्टी के सभी बड़े नेताओं ने उपस्थित पार्टी जनों को आवश्यक टिप्स और गुरु मंत्र दिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए पार्टी जनों से कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश की अकेली ऐसी पार्टी है जो पार्टी के लिए समर्पित भाव से काम करने वाले नेताओं को अच्छा अवसर देती है । मुख्यमंत्री शर्मा ने उपस्थित पार्टी जनों से कहा कि वे पूरे समर्पित और कर्मठ भाव से पार्टी के संगठन को मजबूती प्रदान करने में जुट जाएं उन्होंने पार्टी जनों से केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश सरकार की ओर से पिछले सवा दो साल में किए गए कार्यों, उपलब्धियां और महत्वपूर्ण निर्णय के बारे में लोगों को प्रभावी तरीके से जानकारी उपलब्ध करवाने को कहा उन्होंने कहा कि हर परिवार और हर व्यक्ति तक जब तक सरकार की योजनाओं के बारे में ठीक तरह से जानकारी उपलब्ध नहीं करवाई जाएगी तब तक हम 100 प्रतिशत कामयाबी हासिल नहीं कर सकते इसलिए पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं को इस विषय पर गंभीरता से कार्य करना होगा उन्होंने कहा कि पार्टी के लिए मेहनत और समर्पित भाव से काम करने वाले नेताओं को पार्टी शुरू से ही अच्छे अवसर देती रही है और समर्पित भाव से कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं पर पार्टी के नेताओं की निगाह भी रहती है मुख्यमंत्री शर्मा ने पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं को भरोसा दिलाया कि सरकार में हमेशा उनका सम्मान रहा है और आगे भी रहेगा और उनकी हर समस्या के समाधान के लिए सरकार पूरी तरह से उनके साथ है क्योंकि कार्यकर्ताओं की मेहनत और कार्यकर्ताओं के दम पर ही सरकार का गठन होता है इस प्रशिक्षण शिविर को शिविर के संयोजक बीडी शर्मा और प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ ने भी संबोधित किया राठौर ने पार्टी जनों से कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता हमेशा अपनी मेहनत और समर्पित भाव के लिए जाना जाता है इसीलिए भाजपा आज दुनिया की सबसे बड़ी विशाल पार्टी के रूप में स्थापित है और अकेली भाजपा ही ऐसी पार्टी है जो परिवारवाद से दूर है और एक साधारण कार्यकर्ता को भी उसकी मेहनत और उसकी लगन को देखकर बड़े अवसर उपलब्ध करवाती है उन्होंने पार्टीजनों से कहा कि हमें अभी से किसी भी तरह के चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार रहना है इसके लिए केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की भजनलाल सरकार के कार्यों का प्रचार प्रचार करने के साथ-साथ पार्टी के संगठन को मजबूती देने के लिए हमेशा अपने-अपने क्षेत्र में लोगों से निरंतर संवाद बनाए रखना है ।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रयास लाए रंग, निवेश में पूरे देश में आठवें स्थान से तीसरे स्थान पर आया राजस्थान

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रयासों और उनके नवाचारों से प्रदेश में निवेश का बहुत अच्छा माहौल बना हुआ है इसी का परिणाम है कि वित्तीय वर्ष 2025 में पूरे देश में निवेश के मामले में राजस्थान तीसरे नंबर पर आ गया है जबकि वित्तीय वर्ष 2024 में राजस्थान का पूरे देश में निवेश के मामले में आठवां नंबर था यह उपलब्धि निश्चित रूप से प्रदेश की भजनलाल सरकार के लिए ही नहीं बल्कि प्रदेश की जनता और प्रदेश के उद्योग जगत से जुड़े लोगों के लिए भी अच्छी खबर है। जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024 में जहां राजस्थान में 1.10 लाख करोड़ का निवेश था वह बढ़कर वित्तीय वर्ष 2025 में 4.65 लाख करोड़ हो गया इसके अलावा प्रोजेक्ट की संख्या वित्तीय वर्ष 2024 में 501 थी वह 2025 में 873 हो गई है इस तरह से प्रदेश के निवेश में चार गुना बढ़ोतरी हुई है जो अपने आप में प्रदेश सरकार की बहुत बड़ी उपलब्धि कहीं जा सकती है ।जानकार लोगों का कहना है कि पिछले सवा दो साल में वैसे तो भजनलाल सरकार ने पानी बिजली सड़क शिक्षा चिकित्सा कृषि रोजगार महिला सुरक्षा इत्यादि सभी क्षेत्रों में जबरदस्त कार्य किए हैं और बड़े-बड़े निर्णय लिए हैं लेकिन प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्र में



भी पिछले दो सालों में क्रांतिकारी बदलाव आया है प्रदेश में औद्योगिक माहौल तैयार करने के लिए भजनलाल सरकार ने कई बड़े निर्णय लिए और कई बड़े कदम उठाए इसके साथ-साथ प्रदेश में पानी, बिजली, सड़क, रेल और हवाई कनेक्टिविटी में भी जबरदस्त सुधार किया गया जिसकी वजह से देश और विदेश के इन्वेस्टर राजस्थान में निवेश करने के लिए ज्यादा आकर्षित हो रहे हैं इसी का परिणाम है कि प्रदेश के निवेश में चार गुना बढ़ोतरी हुई जानकारी के अनुसार प्रदेश में औद्योगिक माहौल तैयार करने के लिए एक तरफ भजनलाल सरकार ने प्रदेश में कई जगहों पर रीको औद्योगिक क्षेत्र डेवलप कर रही है तो दूसरी तरफ इन्वेस्टर को कई तरह की सुविधा दी गई है इन्वेस्टर को अपनी औद्योगिक इकाई स्थापित करने के लिए राजस्थान में किसी भी तरह की परेशानी और चुनौती का सामना करना नहीं पड़े इसके लिए सिंगल विंडो सिस्टम को और प्रभावी बनाया है तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उद्योग विभाग के सभी बड़े अधिकारी तथा राज्य सरकार के मंत्री देश और दुनिया में दौरे किए और इन्वेस्टर को राजस्थान में ज्यादा से ज्यादा निवेश के लिए आमंत्रित किया इसके लिए राइजिंग राजस्थान प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह जैसे आयोजन करके मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रदेश में एक शानदार औद्योगिक माहौल बना दिया उसी का परिणाम है कि प्रदेश में निवेश चार गुना ज्यादा बढ़ गया है जिससेप्रदेश सर्वांगीण और चहुमुखी विकास की तरफ तेजी से बढ़ रहा है इसमें कोई संदेह नहीं पूरे देश में राजस्थान के अर्थव्यवस्था इस समय सबसे अधिक तेजी से आगे बढ़ रही है इसीलिए देश और दुनिया के इन्वेस्टर राजस्थान में निवेश के लिए आगे आ रहे हैं ।

## एनडीए सरकार बुनियादी ढांचे के विकास और जन कल्याण के लिए दक्षिणी राज्यों के साथ कर रही न्याय: अश्वनी वैष्णव

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं)** केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री, रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने मंगलवार को जोर देकर कहा कि केंद्र के एनडीए सरकार बुनियादी ढांचे के विकास और जन कल्याण के कार्यों में दक्षिणी राज्यों के साथ न्याय कर रही है। एनडीए सरकार कभी भी दक्षिणी राज्यों के साथ किसी भी विषय पर भेदभाव नहीं करेगी अश्वनी वैष्णव मंगलवार को आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में गूगल क्लाउड इंडिया एआई हब के शिलान्यास समारोह के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे उन्होंने कहा कि दक्षिण तटीय रेलवे जोन के गठन के लिए राजपत्र अधिसूचना जारी की जाएगी, जिसकी प्रभावी तिथि 1 जून, 2026 होगी। उन्होंने संकेत दिया कि यह कदम आंध्र प्रदेश में रेलवे प्रशासन को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि आंध्र प्रदेश को रेलवे के लिए रिकॉर्ड 10,134 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है, जो आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के संयुक्त राज्यों के लिए पिछले वर्षों में आवंटित 886 करोड़ रुपये की तुलना में काफी अधिक है। उन्होंने बताया कि आंध्र प्रदेश में लगभग 1,06,000 करोड़ रुपये की रेलवे परियोजनाएं वर्तमान में चल रही हैं।




## इंडो अमेरिका चैंबर ऑफ़ कॉमर्स राजस्थान चैप्टर के शुभारंभ से होंगे कई बड़े फायदे: दिया कुमारी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** इंडो अमेरिका चैंबर ऑफ़ कॉमर्स राजस्थान चैप्टर के शुभारंभ पर प्रदेश की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने काफी प्रसन्नता प्रकट की है और कहा है कि यह एक बहुत अच्छी और बड़ी पहल हुई है जिसके माध्यम से भारत और अमेरिका के बीच औद्योगिक, व्यापारिक और आर्थिक संबंध और मजबूत होंगे और इसके शुभारंभ से राजस्थान में भी निवेश, व्यापार और उद्योग को काफी बढ़ावा मिलेगा। दिया कुमारी मंगलवार को जयपुर में इंडो अमेरिका चेंबर ऑफ कॉमर्स राजस्थान चैप्टर के शुभारंभ के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में मौजूद थी इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में औद्योगिक, व्यापारिक और आर्थिक गतिविधियों में तेजी से वृद्धि हुई है, राजस्थान में राइजिंग राजस्थान जैसे आयोजनों के सफलतापूर्वक संपादित होने से प्रदेश में इन्वेस्टर और देश दुनिया के उद्योगपति यहां पर अपनी इकाई लगाने के लिए तेजी से आगे आ रहे हैं । राजस्थान में बदलते परिवेश में औद्योगिक विकास की बहुत अच्छी संभावनाएं बनी हुई है क्योंकि हमारी सरकार ने पिछले 2 साल में प्रदेश में देश और दुनिया के निवेशकों को आकर्षित करने के लिए कई तरह की योजनाएं और कई तरह के बड़े कदम उठाए हैं जिसकी वजह से प्रदेश में एक बहुत अच्छा औद्योगिक माहौल बना हुआ है इसलिए अब



जिस तरह से इंडो अमेरिका चेंबर ऑफ कॉमर्स राजस्थान चैप्टर का शुभारंभ हुआ है इससे भारत और अमेरिका के रिश्तों में तो और मजबूती आएगी ही इसके अलावा राजस्थान और अमेरिका के बीच भी व्यापारिक औद्योगिक और आर्थिक गतिविधियों होने से राजस्थान को काफी फायदे होंगे मंगलवार को जयपुर में इंडो अमेरिका चेंबर ऑफ कॉमर्स राजस्थान चैप्टर के शुभारंभ अवसर पर दिया कुमारी के अलावा अमेरिका दूतावास के वाणिज्यिक मंत्री भी उपस्थित थे इसके अलावा विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े कई बड़े उद्योगपति भी इस समारोह में मौजूद रहे इस चैप्टर के शुभारंभ होने से राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों और विभिन्न व्यवसाय से जुड़े व्यापारियों और उद्योगपतियों में भी खुशी की लहर छा गई है उद्योगपतियों का कहना है कि इस चैप्टर के शुभारंभ से अमेरिका और राजस्थान के विभिन्न कारोबार से जुड़े लोगों का और भी सीधा संपर्क मजबूत होगा जिससे राजस्थान में भी निवेश औद्योगिक और व्यापारिक गतिविधियों में जबरदस्त इजाफा होगा जिसकी वजह से प्रदेश को काफी फायदा होगा तथा व्यापारियों और उद्योगपतियों को भी इस चैप्टर से कई तरह के फायदे होंगे कार्यक्रम में मौजूद उद्योगपतियों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच आपस में बहुत ही अच्छे रिश्ते हैं जिसकी वजह से दोनों देशों के बीच व्यापारिक और आर्थिक गतिविधियों को भी ताकत मिली हुई है अभी राजस्थान चैप्टर के शुरू होने से राजस्थान में भी निवेश और औद्योगिक गतिविधियों में और बढ़ोतरी होगी और राजस्थान और अमेरिका में बैठे उद्योगपतियों के बीच भी आपस में अच्छा समन्वय और तालमेल बना रहेगा धकार्यक्रम में मौजूद उद्योगपतियों ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि कार्यक्रम में जिस तरह से अमेरिका दूतावास के वाणिज्यिक मंत्री खुद मौजूद रहे हैं उससे साफ जाहिर है कि अमेरिका भी भारत के साथ अपने व्यापारिक आर्थिक और सामाजिक रिश्तों को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है उन्होंने कहा कि यह राजस्थान चैप्टर राजस्थान के विकास को भी नई गति देगा क्योंकि राजस्थान में नवीनीकरण ऊर्जा, रत्न आभूषण, कपड़ा, खनन, पर्यटन इत्यादि कई क्षेत्रों में विकास की बड़ी संभावनाएंहैं जिससे राजस्थान चैप्टर से जुड़े भारत और अमेरिका के उद्योगपति यहां निवेश के लिए और भी ज्यादा आतुर होंगे।

CMYK

## नारायणपुर में नारी शक्ति वंदन आक्रोश रैली आयोजित, महिलाओं से किया संवाद



जयपुर टाइम्स

**थानागाजी(निसं.)।** थानागाजी विधानसभा क्षेत्र के राजपुर धमरेड मंडल अंतर्गत नारायणपुर गांव में नारी शक्ति वंदन आक्रोश रैली एवं महिलाओं के साथ सामूहिक चर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर जन आक्रोश यात्रा भी निकाली गई। रैली का नेतृत्व प्रदेश महिला मोर्चा प्रशिक्षण सह प्रभारी रुबिया उपाध्याय ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान और अधिकारों को लेकर भाजपा हमेशा गंभीर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने महिलाओं के साथ किए गए वादों को पूरा नहीं किया और केवल घोषणाओं तक ही सीमित रही। रूबिया उपाध्याय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल मंचों से भाषण देने तक सीमित नहीं रहती, बल्कि योजनाबद्ध तरीके से महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कार्य करती है। उन्होंने आगामी चुनावों में महिलाओं से जागरूक होकर निर्णय लेने और 'सबक सिखाने' का आह्वान किया। मंडल अध्यक्ष बृजमोहन योगी ने कहा कि पार्टी का मजबूत नेतृत्व ही कार्यकर्ताओं को जनता के अधिकारों के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा देता है। वहीं पूर्व मंडल अध्यक्ष कमल सेठी ने भी महिला शक्ति के साथ इस अधिकार की लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में राजेन्द्र जांगिड़, सुल्तान सिंह सहित गुड्डी, लक्ष्मी, सुमित्रा, गोरा, चमेली, रामबाई समेत बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

## तिजारा सर्कल में निर्माणाधीन सड़कों का कलक्टर ने किया निरीक्षण, कार्य में तेजी के निर्देश



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** जिला कलक्टर अतुल प्रकाश ने तिजारा सर्कल क्षेत्र में चल रहे निर्माणाधीन सड़क कार्यों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने अहिंसा सर्किल से होली टिब्बा तक तथा टोल प्लाजा से कृषि उपज मंडी तक बन रही सड़कों की प्रगति का जायजा लिया। सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता ओमप्रकाश किराड ने बताया कि अहिंसा सर्किल से होली टिब्बा की सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। वहीं, टोल प्लाजा वाया बस स्टैंड, कृषि उपज मंडी तक सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर है। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को इलेक्ट्रिक लाइन शिफ्टिंग कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर परियोजना को शीघ्र पूर्ण करने पर जोर दिया। जिला कलेक्टर ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ त्वरित पूरा किया जाए, जिससे आमजन को बेहतर यातायात सुविधा मिल सके।

## पूजा अर्चना के साथ विधि विधान पूर्वक दो दिवसीय कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजर्षि अभय समाज स्थित भर्तृहरि धाम मंदिर का स्थापना दिवस का दो दिवसीय कार्यक्रम बड़ी श्रद्धा पूर्वक एवं हर्षोल्लास से विधिवत पूजा अर्चना करके मनाया गया इस शुभ अवसर का शुभारंभ 28 अप्रैल 2026 मंगलवार को प्रातः 9:00 बजे विधि विधान पूर्वक पूजा करके अखंड रामायण का पाठ महेश चंद शर्मा एवं दीपक पंडित द्वारा प्रारंभ किया गया। इससे पूर्व मंदिर परिसर में सभी देवताओं की आरती वंदना करते हुए भर्तृहरि बाबा की आरती की गई। यह एकदिवसीय अखंड रामायण पाठ का समापन 29 अप्रैल 2026 को प्रातः 8:00 बजे होगा और इसके पश्चात हवन होगा फिर महाआरती द्वारा कार्यक्रम के समापन पर सभी भक्तजनों को भोजन प्रसादी कराई जाएगी। यह संपूर्ण व्यवस्था मंदिर प्रभारी पंडित महेश चंद शर्मा की देखरेख में उनके साथियों द्वारा की जाएगी जबकि सारे कार्यक्रम संस्था के महामंत्री राजेंद्र प्रसाद शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न होंगे।

## वन राज्यमंत्री शर्मा की अनुशंषा पर शहर के लिए 50 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा की अनुशंषा पर अलवर शहर के लिए राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि से 50 करोड़ रूपये की राशि की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृत जारी की है। इस राशि से अलवर शहर में जल भराव से निजात हेतु ड्रेनेज सिस्टम, नाले व नालियों आदि का निर्माण होगा। स्वीकृति जारी कराने पर वन राज्यमंत्री शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा का आभार व्यक्त किया है। वन राज्यमंत्री शर्मा ने अलवर शहर में जल भराव से निजात हेतु डेउनेज सिस्टम, नाले व नालियां आदि बनाने की अनुशंषा की थी, जिस पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अलवर शहर के लिए 50 करोड़ रूपये की राशि की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इस राशि से अलवर शहर में ड्रेनेज सिस्टम, नाले व नालियों आदि का निर्माण होगा।

### ग्राम रथ अभियान का भव्य शुभारम्भ

# अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने कलेक्ट्रेट से झण्डी दिखाकर रथों को किया रवाना

### एलईडी वैन से ग्राम आयोजन एवं 13 विभागों की योजनाओं की मिलेगी जानकारी



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं किसानों को ग्लोबल राजस्थान ऐग्रीटेक मीट (ग्राम) व कृषि की आधुनिक तकनीकी के बारे में जानकारी देने के लिए चलाये जा रहे ग्राम रथों को अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर से संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के लिए झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला कलक्टर अतुल प्रकाश, पूर्व विधायक किशनगढ़ बास रामहेत यादव, जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर एवं जनप्रतिनिधियों ने जिले के 3 विधानसभा क्षेत्रों के लिए बनाए गए विशेष रथों का निरीक्षण किया तथा प्रचार साहित्य को प्रत्येक ग्राम पंचायत तक वितरण करने के निर्देश दिए। ग्राम रथ 15 दिवस तक प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर पहुंच कर एलईडी के माध्यम से योजनाओं की जानकारी देगें तथा क्षेत्र की समस्याओं को शिकायत पेटिका में प्राप्त करेगें।

**मुख्यमंत्री का संदेश पहुंचेगा गांव-ढाणी तक**

जिला कलक्टर ने बताया कि ग्राम रथों के माध्यम से ग्राम पंचायत मुख्यालयों तक माननीय मुख्यमंत्री के संदेशों का प्रसारण भी किया जाएगा। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा एलईडी स्क्रीन के माध्यम से योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा, जिससे अधिकाधिक ग्रामीणजन लाभान्वित हो सकेगें। उन्होंने बताया कि ग्राम आयोजन की जागरूकता के लिये राज्य सरकार के निर्देशानुसार किसानों, पशुपालकों एवं ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी दी जायेगी। यह अभियान जिले के तिजारा, किशनगढ़ बास एवं मुंडावर विधानसभा क्षेत्रों की ग्राम पंचायतों में व्यापक स्तर पर संचालित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत ग्राम रथों के माध्यम से ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं, लाभकारी कार्यक्रमों एवं सरकारी सेवाओं की जानकारी ग्रामीणों को सरल एवं प्रभावी तरीके से दी जाएगी। उन्होंने बताया कि योजनाओं से संबंधित प्रचार सामग्री, पुस्तिकाएं एवं पैम्पलेट भी उपलब्ध कराऐं जाएंगें। कलाजत्था के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर ग्रामीणों को जागरूक किया जायेगा।

**ग्रामीण सुझाव पेटिका में दे सकेगें फीडबैक**

जिला कलक्टर ने बताया कि अभियान के सफल संचालन, समन्वय एवं मॉनिटरिंग के लिए जिला स्तर पर अधिकारियों की जिम्मेदारियां तय की गई हैं। प्रत्येक पंचायत स्तर पर संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगे। ग्रामीण रथों में सुझाव पेटिका में ग्राम आयोजन से संबंधित सुझाव एवं क्षेत्र की समस्याओं को लिखकर रख सकेगें। सुझाव पेटिका के पत्रों को एकत्रित कर राज्य सरकार को पहुंचाया जायेगा। इस अभियान में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, सहकारिता, उद्योग, ऊर्जा, राजस्व, पर्यावरण एवं ग्रामीण विकास सहित कुल 13 विभागों की सक्रिय सहभागिता रहेगी। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामदयाल, मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा, रामबाबू, अशोक डाटा, अनिल मांधु, तरुण दुलानी सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### भिवाड़ी में नाबालिग से थाने में बर्बरता का मामला

## नेता प्रतिपक्ष जूली और पूर्व केंद्रीय मंत्री सिंह पहुंचे, दोषी पुलिसकर्मियों पर दो दिन में कार्रवाई का अल्टीमेटम

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** भिवाड़ी के यूआईटी थाने में एक नाबालिग दलित के साथ मारपीट का मामला परिजनों का आरोप है कि पुलिस की पिटाई से बच्चे की हालत गंभीर बनी हुई है। इसके बाद उसे जयपुर में भर्ती कराया गया है।
दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर इस मामले ने तूल पकड़ लिया है। मंगलवार दोपहर को कांग्रेस नेताओं ने भिवाड़ी पहुंचकर नाबालिग के परिवार से मुलाकात की। उन्होंने घटना को बेहद गंभीर बताते हुए दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की। इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, सांसद संजना जाटव, मुंडावर विधायक ललित यादव, तिजारा से कांग्रेस विधायक प्रत्याशी इमरान खान, कांग्रेस जिलाध्यक्ष बलराम यादव और कोटकासिम की पूर्व प्रधान डॉ. विनोद कुमारी सांगवान सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने थाने के अंदर नाबालिग के साथ इस बर्बर रवैये को शर्मनाक बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि नाबालिग के खिलाफ न तो कोई केस दर्ज था और न ही कोई पुराना मामला चल रहा था, फिर भी उसे जबरन घर से उठाया गया। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने बताया कि उन्होंने सोमवार को अस्पताल जाकर बालक को देखा। उन्होंने कहा कि बालक के कमर, हाथ-पैरों में सूजन है, दोनों पैरों में फ्रैक्चर हैं और वह वेंटिलेटर पर है। जूली ने यह भी आरोप लगाया कि यूआईटी थाने का एसएचओ अस्पताल में बच्चे की पहरेदारी कर रहा है, परिजनों को उससे मिलने या बात करने नहीं दिया जा रहा है, और न ही कोई एमएलसी (मेडिको-लीगल केस) रिपोर्ट या अन्य कागजात तैयार किए जा रहे हैं। उन्होंने इसे पूरे मामले को मैनेज करने का प्रयास करार दिया।

## राजस्थान क्रिकेट संघ - डेनमार्क क्रिकेट के मध्य राजस्थान क्रिकेट के विकास के लिए ऐतिहासिक सहमति- आशीष तिवाड़ी, सदस्य आरसीए एडहॉक

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** आरसीए एडहॉक कमेटी सदस्य आशीष तिवाड़ी के अनुसार आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डॉ मोहित जसवंत यादव के प्रयासों से डेनमार्क के भारत में राजदूत रासमुस अबिलडगार्ड क्रिस्टेनसेन आरसी ऑफिस, आरसीए अकादमी पहुंचे व आरसीए एडहॉक सदस्य आशीष तिवाड़ी से मुलाकत कर राजस्थान क्रिकेट संघ के इतिहास में पहली बार राज्य के युवा खिलाडियों को अंतर्राष्ट्रीय प्लेटफार्म उपलब्ध कराने के अपने प्रयासों के तहत डेनमार्क - राजस्थान क्रिकेट संघ के मध्य एक्सचेंज प्रोग्राम पर गहन चर्चा की। डॉ मोहित जसवंत यादव, संयोजक एडहॉक के अनुसार हमारी कमेटी राज्य के युवा खिलाडियों को हर स्तर पर खेल वातावरण, उच्च्य स्तरीय प्रशिक्षण सहित राष्ट्रिय, अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों के अनुरूप अपने खेल को विकसित करने के लिए प्रयासरत है उसी कड़ी में डेनमार्क के राजदूत रासमुस अबिलडगार्ड क्रिस्टेनसेन ने अपनी टीम के साथ आरसीए एडहॉक कमेटी सदस्य आशीष तिवाड़ी से मुलाकात कर डेनमार्क क्रिकेट व राजस्थान क्रिकेट संघ के मध्य क्रिकेट तकनीक के विस्तार के साथ युवा खिलाडियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की परिस्थितियों के अनुभव का लाभ देने के लिए जल्द से जल्द टीमों के एक्सचेंज प्रोग्राम को शुरू करने पर गहन चर्चा हुई। आशीष तिवाड़ी के अनुसार डेनमार्क के राजदूत रासमुस अबिलडगार्ड क्रिस्टेनसेन से मुख्य रूप से दोनों के मध्य अंडर 19 पुरुष / महिला टीमों के मध्य खेल गतिविधियों के आयोजन पर चर्चा हुई व आगे के चरण में सभी आयुवर्ग के खिलाडियों को भी इस प्रग्राम से जोड़ा जायेगा। तिवाड़ी ने बताया डेनमार्क के राजदूत ने ऐतिहासिक व अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सवाई मान सिंह स्टेडियम ग्राउंड का दौरा किया आरसीए एडहॉक सदस्य आशीष तिवाड़ी से स्टेडियम के महत्त्व की जानकारी ली।

## अलवर ताइक्वांडो जिला ट्रायल्स सफलतापूर्वक संपन्न

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** राजस्थान ताइक्वांडो के तत्वावधान में अलवर ताइक्वांडो जिला ट्रायल्स का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। आयोजित प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### स्वर्ण पदक विजेता:

कियान, हिमांक, वीरेन, विष्णु, समृद्ध, प्राणशूल, सक्षम, सूर्यप्रताप, डेलिना, हर्षिता, वाची, कौस्तुभी, राजनंदनी, अनुप्रिया, ध्रुविका, श्रेया, अंश, गर्व शर्मा, वेदांत, केविन, अक्षय ओड, लक्ष्मी, महिमा, मानवी, ख्वीहिश, काम्या, जिया, रोबिन, अंकुश, देवांश, तेजप्रताप, गर्भित, वंशिका, एकता, गौरव, ध्रुव, अभिषेक, पलक, लवली

### रजत पदक विजेता:

चिराग, देवर्ष, आरुष, देवांश यादव, डीनल, प्रांजल, अनुसुईया, पाखी, गर्वित, अक्षय, नमन, जितेंद्र, अलीजा, प्रज्ञा, अंशिका, हेमा हिमांशु, मोनू, हिमांशी, गार्गी, कुणाल, अभय

### कांस्य पदक विजेता:

प्रणव, प्रेरणा, अवहिप्सा, साक्षी, सिद्धवी, नव्या

सभी पदक विजेता खिलाड़ी अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेकर अलवर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।
इस अवसर पर सभी खिलाड़ियों, कोचों (लवजीत, विकास, सोहिल ख़ान, पार्थ शर्मा, रूपेश - सीनियर दिल्ली स्कूल, दीपक, नरेश नापा), नेशनल रेफरी, तकनीकी अधिकारियों, समीर डिस्ट्रीब्यूटर (ओमप्रकाश - MR), न्यू हेयर सॉल्यूशन (ब्रज भाटिया), जीटी आयुर्वेद इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर (हरवीर), अयान कंस्ट्रक्शंस (अमित कुमार ) तथा हेमराज एथलेटिक अकादमी एवं आयोजन समिति के सदस्यों का हार्दिक आभार व्यक्त किया गया, जिनके सहयोग से यह आयोजन सफल हो पाया।
अलवर ताइक्वांडो निष्पक्ष खेल (फेयर प्ले) के प्रति प्रतिबद्ध है तथा सभी खिलाड़ियों को अनुशासित और पेशेवर वातावरण के साथ बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। यद्यपि यह आयोजन अत्यंत सफल रहा, फिर भी सुधार की संभावनाओं को स्वीकार करते हुए हम आगामी प्रतियोगिताओं को और बेहतर बनाने का प्रयास करेंगे।

## जिला कलक्टर ने किया रामगोपाल खन्ना स्कूल में डिजिटल लाइब्रेरी एवं रिनोवेशन कार्यों का शुभारम्भ



### बालिकाओं से बातचीत कर उनके डिजिटल ज्ञान को परखा

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ई-विद्या प्रोजेक्ट के अंतर्गत रामगोपाल खन्ना राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में पीएचडी फाउण्डेशन द्वारा कराए गए डिजिटल लाइब्रेरी सहित विद्यालय रिनोवेशन कार्यों का शुभारम्भ किया। जिला कलक्टर ने कहा कि बच्चों को डिजिटल शिक्षा से जोडने एवं डिजिटल शिक्षा अधिकतम विद्यार्थियों तक पहुंचे सके इस उद्देश्य से शिक्षा के क्षेत्र में पहल करते हुए जिले में ई-विद्या प्रोजेक्ट संचालित किया जा रहा है, जिसके तहत पीईईओ स्तर के सरकारी विद्यालयों में क्रमबद्ध रूप से ई-लाइब्रेरी बनाए जाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह पहल निश्चित रूप से छात्राओं को आधुनिक शिक्षा संसाधनों से जोड़ने, डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने तथा बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### छात्राओं से संवाद कर उनके डिजिटल ज्ञान को परखा

उन्होंने ई-लाईब्रेरी में कंप्यूटर पर अध्ययन कर रही बालिकाओं से बातचीत कर उनके शैक्षणिक स्तर को परखकर उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कडी मेहनत व दृढनिश्चय से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में बनाई गई ई-लाइब्रेरी बालिकाओं के लिए उपयोगी साबित होगी तथा इसके माध्यम से विद्यार्थी डिजिटल शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। इस अवसर पर सीडीईओ महेश गुप्ता, एडीपीसी मनोज शर्मा एवं विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# जिले में 15 दिवसीय ग्राम रथ अभियान का हुआ शुभारंभ

### विकास रथों को जिला कलक्टर एवं जनप्रतिनिधिगणों ने हरी झण्डी दिखाकर कर किया रवाना

### अंतरराष्ट्रीय भपंग वादन ग्रुप लोक कलाकार ग्रुप ने आकर्षक प्रस्तुति दी

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला एवं जनप्रतिनिधिगणों ने ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट-2026 (ग्राम-2026) को लेकर प्रारंभ हुए 'ग्राम रथ अभियान' के तहत मंगलवार को मिनी सचिवालय से 5 विकास रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय भपंग वादन ग्रुप के लोक कलााकारों ने विकास योजनाओं पर आकर्षक प्रस्तुति दी। जिला कलक्टर ने कहा कि ग्राम रथ अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की कृषि, पशुपालन एवं ग्रामीण क्षेत्रों से संबंधित जनहितैषी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक पहुंचाना और आमजन की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करना है। उन्होंने बताया कि ग्राम रथ जिले की 5 ग्रामीण विधानसभाओं (अलवर ग्रामीण, रामगढ़, राजगढ़-लक्ष्मणगढ़, कठूमर व थानागाजी) की सभी ग्राम पंचायत में आगामी 15 दिवस तक 13 विभागों यथा कृषि, उदयानिकी, कृषि विपणन, पशुपालन डेयरी मत्स्य सहकारिता सिंचाई उद्योग उर्जा राजस्व पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी तथा आमजन को योजनाओं की जानकारी से संबंधित प्रचार सामग्री भी वितरित की जाएगी। ग्राम रथ रवानगी कार्यक्रम में लोक कलाकारों के अंतरराष्ट्रीय भपंग वादन युसूफ खान के दल के द्वारा विभागीय योजनाओं पर आधारित आकर्षक प्रस्तुति दी। अभियान में लोक कलाकारों द्वारा प्रतिदिन फील्ड में प्रस्तुति दी जाएगी। ग्राम रथों में 13 विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं की एलईडी स्क्रीन के माध्यम से ऑडियो-वीडियो प्रस्तुति के साथ-साथ स्थानीय ग्रामीणों से सुझाव प्राप्त करने के लिए सुझाव पेटिका की व्यवस्था भी की गई है, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में सुधार किया जा सके। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम बीना महावर, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सालुखे गौरव रविंद्र, जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, संजय नरूका, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पीसी मीणा, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक रमेश चंद्र मीणा, सहकारिता विभाग के संयुक्त रजिस्टर गुलाबचंद मीणा, जेवीवीएनएल के अधीक्षण अभियंता राधेश्याम बंसल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद रहे।

## पूर्वोत्तर रेलवे के गोण्डा-बुढ़वल रेलखंड पर नॉन इण्टलॉकिंग कार्य : रेलसेवाएं मार्ग परिवर्तित रहेगा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पूर्वोत्तर रेलवे के गोण्डा-बुढ़वल रेलखंड के गोण्डा-गोण्डा कचहरी स्टेशनों के मध्य तीसरी लाइन डालने हेतु नॉन इण्टलॉकिंग कार्य किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 19409, साबरमती-गोरखपुर रेलसेवा जो आगामी 2 जुलाई को साबरमती से प्रस्थान करेगी वह अपने निर्धारित के स्थान पर परिवर्तित मार्ग बाराबंकी-अयोध्या छावनी- मनकापुर होकर संचालित होगी। तथा मार्ग परिवर्तन के कारण यह रेलसेवा गोण्डा स्टेशन पर ठहराव नही करेगी। गाडी संख्या 19623, मदार-दरभंगा रेलसेवा जो आगामी 3 जुलाई को मदार से प्रस्थान करेगी वह अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग बाराबंकी-अयोध्या छावनी- मनकापुर होकर संचालित होगी। तथा मार्ग परिवर्तन के कारण यह रेलसेवा गोण्डा स्टेशन पर ठहराव नही करेगी। गाडी संख्या 12555, गोरखपुर-बठिंडा रेलसेवा जो आगामी 9 जुलाई को गोरखपुर से प्रस्थान करेगी वह अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मनकापुर-अयोध्या छावनी-बाराबंकी होकर संचालित होगी। तथा मार्ग परिवर्तन के कारण यह रेलसेवा गोण्डा स्टेशन पर ठहराव नही करेगी।

## पेट में दर्द के बाद विदेशी पर्यटक की आंत फटी, पुष्कर घूमने आया था



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** फ्रांस से टूरिस्ट वीजा पर पुष्कर घूमने आए विदेशी पर्यटक के पेट में अचानक दर्द हो गया दर्द के बाद विदेशी पर्यटक को अस्पताल में भर्ती करवाया गया पेट में दर्द के बाद विदेशी पर्यटक की आंत फट गई थी। हालांकि होटल में ठहरे ट्रांस निवासी जोस बोना को होटल कर्मचारियों ने ही अजमेर के जिला अस्पताल में तीन दिन पहले एडमिट करवाया था लेकिन उपचार के दौरान मंगलवार की सुबह इस विदेशी पर्यटक की मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में सीआईडी और फ्रांस दूतावास को सूचना देती है विदेशी पर्यटक के फ्रांस निवासी परिजनों को भी जानकारी दे दी गई है पुलिस का कहना है कि परिजनों के पुष्कर आने के बाद ही बॉडी का पोस्टमार्टम किया जाएगा । हालांकि विदेशी पर्यटक की उपचार के दौरान मौत हुई है लेकिन फिर भी परिजनों के आने के बाद पुलिस के आगे की कार्रवाई संपादित होगी । पुलिस इस बात की भी जांच पड़ताल कर सकती है कि क्या विदेशी पर्यटक पहले से ही किसी बीमारी से या फिर उसकी पहले से ही दवाइयां चल रही थी क्योंकि अचानक जिस तरह से उसके पेट में दर्द हुआ है वह दर्द के बाद उसकी आंत फटी है उसे पुलिस काफी गंभीरता से ले रही है। पुलिस का कहना है कि फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जाएगा पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ही मौत के कारण का खुलासा हो पाएगा। हालांकि उपचार के दौरान मौत हुई है इसलिए फिलहाल इस प्रकरण में किसी को दोषी बताना उचित नहीं होगा।

## दक्षिण पश्चिम रेलवे के केएसआर बेंगलुरू सिटी स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग कार्यः रेल यातायात प्रभावित रहेगा



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** दक्षिण पश्चिम रेलवे द्वारा केएसआर बेंगलुरू सिटी स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के लिए नॉन इण्टरलॉकिंग कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के लिए रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 16534, केएसआर बेंगलुरू सिटी - जोधपुर रेल सेवा आगामी 2 अगस्त को केएसआर बेंगलुरू सिटी के स्थान पर यशवंतपुर से प्रस्थान करेगी। अर्थात् यह रेलसेवा केएसआर बेंगलुरू सिटी -यशवंतपुर के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। गाडी संख्या 20693, जोधपुर - केएसआर बेंगलुरू सिटी रेलसेवा जो आगामी 30 जुलाई और व आगामी 1 अगस्त को जोधपुर से प्रस्थान करेगी वह यशवंतपुर तक ही संचालित होगी अर्थात् यह रेलसेवा यशवंतपुर -केएसआर बेंगलुरू सिटी के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। इसी तरह गाडी संख्या 20694, केएसआर बेंगलुरू सिटी - जोधपुर रेलसेवा आगामी 3 अगस्त को केएसआर बेंगलुरू सिटी के स्थान पर यशवंतपुर से प्रस्थान करेगी। अर्थात् यह रेलसेवा केएसआर बेंगलुरू सिटी -यशवंतपुर के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार गाडी संख्या 16209, अजमेर-मैसूरू रेलसेवा जो आगामी 31 जुलाई को अजमेर से प्रस्थान करेगी वह अपने निधारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग अरसीकेरे, हासन, कृष्णराज नगर, मैसूरू होकर संचालित होगी । मार्ग परिवर्तन के कारण यह रेलसेवा तुमाकुरू, यशवंतपुर , मल्लेश्वरम, केएसआर बेंगलुरू सिटी, रामनगरम, मंड्या स्टेषनों पर ठहराव नही करेगी।

## पुलिस ज्यादती के शिकार दलित नाबालिग से अस्पताल में मिले टीकाराम जूली और पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप

जयपुर टाइम्स

**जयपुर।** राजस्थान विधान सभा में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने निम्स अस्पताल पहुंचकर पुलिस ज्यादती का शिकार हुए नाबालिग का हाल जाना। जूली ने बताया कि भिवाड़ी पुलिस की बर्बरता का शिकार हुए दलित नाबालिग बालक लोकेश की हालत देखकर मन व्यथित और आक्रोशित हो गया। पुलिस द्वारा जिस निर्ममता से नाबालिग बालक को पीटा गया, उससे उसके दोनों पैरों में फ्रेक्चर हो गये हैं। जूली ने कहा कि ऐसी जानकारी मिली है कि भिवाडी पुलिस ने लोकेश को पानी के ड्रम में उतार कर बुरी तरह से प्रताड़ित किया, जिससे उसके फेफडों में पानी चला गया और वह आज आईसीयू में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है।

# मानेसर कांड के लेखक, स्क्रिप्ट राइटर और डायरेक्टर अशोक गहलोत ही थे, सचिन पायलट सिर्फ मोहरा : गजेंद्र सिंह शेखावत

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** जोधपुर सांसद और केंद्रीय कला और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंहशेखावत ने जयपुर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अपने राजनीतिक वनवास को दूर करने के लिए अपने जीवन में कभी भी मानेसर कांड को कांग्रेस हाई कमान के दिल और दिमाग से भूलने नहीं देंगे । इसीलिए गहलोत बार-बार मानेसर कांड का जिक्र करके उस कांड को मीडिया में सुर्खियों में ला देते हैं ताकि कांग्रेसहाईकमान मानेसर कांड को कभी भूले नहीं उन्होंने कहा कि असल में मानेसर कांड के लेखक स्क्रिप्ट राइटर और डायरेक्टर खुद अशोक गहलोत थे और खुद अशोक गहलोत ने ही इस पूरे कांड का पर्दाफाश किया। सचिन पायलट पहले भी मोहरा थे और आज भी मोहरा बने हुए हैं । उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले ही अशोक गहलोत ने जयपुर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा था कि सचिन पायलट पहले भी कांग्रेस में थे और अब भी कांग्रेस में हैं सचिन पायलट मानेसर कांड जैसी गलती अब नहीं करेंगे, पायलट को मानेसर की गलती का एहसास हो गया है इसलिए अब भाजपा नेताओं की दाल अब नहीं गलेगी अशोक गहलोत ने यह बयान राजस्थान भाजपा के प्रभारी डॉक्टर राधा मोहन दास अग्रवाल की ओर से सचिन पायलट को दिए गए बयान के परिपेक्ष में आया था इसके बाद केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत में अशोक गहलोत पर पलटवार किया उधर पूर्व मंत्री और बाली से भारतीय जनता पार्टी के विधायक पुष्पेंद्र सिंह राणावत ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच मतभेद और मनभेद पहले की तरह अब भी बने हुए हैं, यह दोनों नेता सिर्फ दिखावे के तौर पर एक साथ नजर आते हैं और दोनों मुस्कुराते हाथ मिलाते हैं लेकिन वास्तविकता यह है कि दोनों के बीच पहले भी मतभेद और मन में था और आज भी मतभेद और मनभेद है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि राजस्थान भाजपा के प्रभारी डॉ राधामोहन दास अग्रवाल जब भी जयपुर और प्रदेश के दौरे पर आते हैं सचिन पायलट उनके निशाने पर रहते हैं और सचिन पायलट को लेकर अग्रवाल अपनी प्रतिक्रिया जरुर व्यक्त करते हैं इसीलिए टोंक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन पर आयोजित कार्यक्रम में पत्रकारों से बातचीत के दौरान अग्रवाल ने एक बार फिर से सचिन पायलट पर गरमा गरम बयान देकर प्रदेश के राजनीति को और गर्म कर दिया अग्रवाल के बयान के बाद तुरंत ही अशोक गहलोत ने भी लगे हाथ मानेसर कांड का जिक्र करके मानेसर कांड की याद को फिर से ताजा करवा दिया। अब देखने वाली बात यह है कि अशोक गहलोत और अग्रवाल ने जिस तरह से सचिन पायलट को लेकर जो बयान दिया है उसका जवाब सचिन पायलट किन शब्दों में देते हैं वैसे यह जग जाहिर है कि अशोक गहलोत और गजेंद्र सिंह शेखावत दोनों एक दूसरे के प्रतिद्वंद्वी माने जाते हैं ।दोनों ही जोधपुर के रहने वाले हैं और दोनों ही जोधपुर लोकसभा सीट से निर्वाचित भी रहे हैं अशोक गहलोत जोधपुर से कई बार सांसद रहे हैं हालांकि गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत एक बार यहां से चुनाव लड़े थे लेकिन गजेंद्र सिंह शेखावत ने उन्हें परास्त कर दिया था बाद में वैभव गहलोत ने पाली से चुनाव लड़ा लेकिन वहां से भी चुनाव नहीं जीत पाए इसलिए गहलोत और शेखावत दोनों समय-समय पर एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाकर अपने बयानों से प्रदेश की राजनीति को गर्म कर देते हैं ।

## प्रदेश में भाजपा की ओर से कांग्रेस के विरोध में किए गए प्रदर्शन की नितिन नवीन ने प्रशंसा कीः अरुण चतुर्वेदी


जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्य वित्त आयोग के चेयरमैन डॉ. अरुण चतुर्वेदी ने मीडिया को संबोधित करते हुए बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने जयपुर स्थित भाजपा मुख्यालय में पदाधिकारियों एवं कोर कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में संगठन विस्तार, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार तथा पश्चिम बंगाल चुनाव के बाद की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई। चतुर्वेदी ने बताया कि भाजपा मुख्यालय में आयोजित बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पार्टी पदाधिकारियों एवं कोर कमेटी के साथ संगठनात्मक विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया। डॉ. चतुर्वेदी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद नितिन नवीन का यह पहला राजस्थान दौरा था। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया स्वागत पार्टी की एकजुटता और सक्रियता का प्रतीक है। बैठक में संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा करते हुए यह निर्णय लिया गया कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को संगठन के माध्यम से आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाएगा। इसके साथ ही संगठन को अधिक सक्रिय, मजबूत एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए नियमित बैठकों एवं प्रवास कार्यक्रमों को गति देने पर जोर दिया गया। डॉ चतुर्वेदी ने बताया कि मंडल, जिला एवं प्रदेश स्तर पर नियमित बैठकों के आयोजन, कार्यप्रणाली की समीक्षा तथा राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योजनाओं को धरातल पर लागू करने की रूपरेखा भी तैयार की गई। इसके अलावा मंत्रियों के प्रवास कार्यक्रमों के दौरान योजनाओं की समीक्षा एवं कार्यकर्ताओं के साथ संवाद को बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। कोर कमेटी की बैठक में नारी शक्ति वंदन अभियान पर भी विशेष चर्चा की गई। डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि महिला सशक्तिकरण से जुड़े मुद्दों पर कांग्रेस सहित विपक्षी दलों के विरोध के खिलाफ राजस्थान भाजपा की मातृशक्ति ने सड़कों पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया और अपना विरोध दर्ज कराया। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने भाजपा राजस्थान की इस पर प्रशंसा की। बैठक में महिला सशक्तिकरण, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों को लेकर भी विस्तृत रणनीति बनाई गई।

## खातीपुरा रेलवे स्टेशन सैटेलाइट स्टेशन के रूप में विकसित करने के प्रयास, जयपुर जंक्शन जैसा लुक देने की तैयारी

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कासं.)।** जयपुर में उपनगरीय स्टेशन खातीपुरा स्टेशन को पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर मेगा टर्मिनल स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है। आधुनिक यात्री सुविधाओं के साथ-साथ ट्रेनों के रखरखाव की सुविधाएं भी यहां उपलब्ध होंगी जिसमे सभी आधुनिक उपकरण लगाये जायेंगे। ट्रेनों के परिचालन के पश्चात् खडा रखने के लिए अतिरिक्त स्टेबलिंग लाईने बनाई गई हैं। खातीपुरा को सैटेलाइट टर्मिनल के रूप में विकसित करने से नए मार्गों, विशेष रूप से दिल्ली कॉरिडोर और अन्य लंबी दूरी के गंतव्यों की ओर, शुरू करने की संभावना में भी सुधार होगा। यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने के साथ-साथ खातीपुरा टर्मिनल भविष्य में विभिन्न दूर-दराज मार्गों की ट्रेनों के लिए एक महत्वपूर्ण मेंटेनेंस हब का रूप ले सकता है। सभी प्रकार के रेक जैसे वंदे भारत, एलएचबी, डेमू के एक ही जगह मेंटेनेंस के लिए कोच केयर कॉम्पेलक्स के निर्माण का कार्य किया जा रहा है। कोच केयर कॉम्पलेक्स का कार्य 205 करोड़ रुपए की लागत के साथ प्रगति पर है। खातीपुरा स्टेशन पर नई लाइने, वॉशिंग पिट, ऑटोमैटिक कोच वांशिग प्लांट, स्टेबलिंग लाइन और तकनीकी संसाधनों का विकास किया जा रहा है, ताकि आने वाले समय में यह स्टेशन मेगा टर्मिनल स्टेशन के साथ ट्रेन रखरखाव का मजबूत केंद्र बने। खातीपुरा स्टेशन पर अभी 6 हाई लेवल प्लेटफॉर्म के साथ 8 लाईने उपलब्ध हैं । प्लेटफॉर्म हाई लेवल होने के कारण सभी यात्रियों विशेषकर महिलाओं, निःशक्तजनों और बुजुर्गों को ट्रेनों में चढने और उतरनें में सुविधा होगी। साथ ही प्लेटफॉर्म के साथ 8 लाईने उपलब्ध होने के कारण ट्रेनों की आवाजाही के लिए क्रॉसिंग की बाधा नहीं होगी। इसके साथ ही जयपुर की ओर धुलाई व टेस्टिंग, इंस्पेक्शन, हेवी तथा बोगी रिपेयर, ड्रॉप पिट, जेक पिट आदि के लिए 5 अलग लाईनें एवं स्पर, शंटिंग के लिए 3 अलग लाईनें बनाई गई हैं। इनके अतिरिक्त 2 मंजिला लिनन रखरखाव के लिए भवन भी बनाया जा रहा है। दौसा की ओर भी स्पर, शंटिंग के लिए 2 अलग लाईनें, इंजन बदलने और स्टेबलिंग व पानी भरने इत्यादि के लिए 2 अतिरिक्त लाईनें बनाई गई हैं। 4 अतिरिक्त लाईनें व्हील लेथ शेड़ , चार्जिंग इत्यादि के लिए बनाई जा रही है। इनके अतिरिक्त 03 मंजिला प्रशासनिक भवन, यार्ड मास्टर कार्यालय आदि बनाये जा रहे हैं। कोच केयर कॉम्पलेक्स में ट्रेनों के मेंटेनेंस के लिए सभी आधुनिक संसाधन जैसे ऑटोमेटिक कोच वाशिंग प्लांट, कम्प्यूटराईज़्ड व्हील प्रोफाईल मेनेजमेंट सिस्टम, सिंक्रोनाईज़्ड ईल्कट्रिकली ऑपरेटेड व्हीटिंग जेक, कोच लिफ्टिंग यूनिट, वाटर रिसाईक्लिंग प्लांट, उच्च क्षमता के क्रेन, मोटर ड्रीवन विंचिंग मशीन आदि मशीने स्थापित की जा रही हैं जिससे ट्रेनों के मेंटेनेंस के लिए कोचों को अन्य स्थान पर ले जाने की आवश्यकता नहीं रहे। यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने के साथ-साथ खातीपुरा टर्मिनल भविष्य में विभिन्न दूर-दराज मार्गों की ट्रेनों के लिए एक महत्वपूर्ण मेंटेनेंस हब का रूप ले सकता है। यह परिसर वंदे भारत ट्रेनों, एलएचबी कोचों और डीएमयू रेकों सहित विभिन्न प्रकार के रोलिंग स्टॉक के रखरखाव में सक्षम होगा, जिससे कई श्रेणियों के ट्रेनों के लिए केंद्रीकृत रखरखाव संभव हो सकेगा। खातीपुरा को सैटेलाइट टर्मिनल के रूप में विकसित करने से जयपुर शहर के मुख्य स्टेशन जयपुर जंक्शन स्टेशन का एक विकल्प उपलब्ध होगा। खातीपुरा को सैटेलाइट टर्मिनल के रूप में विकसित करने से और अधिक ट्रेनों के संचालन की सम्भावनाएं बढ़ जाएंगी।

### जयपुर रेंज आईजी राहुल प्रकाश के नवाचार :

## हाईवे पर दुर्घटनाएं रोकने के प्रयास, ट्रांसपोर्ट कारोबारी ने आईजी की प्रशंसा की

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** जयपुर रेंज आईजी राहुल प्रकाश के राजधानी जयपुर से जुड़े सभी हाईवे पर सड़क दुर्घटना रोकने के लिए किए गए नवाचार आजकल लोगों में चर्चा का विषय बने हुए हैं । राहुल प्रकाश की ओर से राजधानी जयपुर से जुड़े सभी प्नेशनल सड़क मार्गों पर ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर उनकी सूची जारी की गई है जिसे क्यूआर कोड के माध्यम से ड्राइवर और ट्रक मालिक आसानी से देख सकते हैं जो सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में काफी लाभदायक साबित हो सकती है। इसलिए ट्रांसपोर्ट यूनियन ने भी राहुल प्रकाश के इस प्रयास के खूब प्रशंसा की है और ट्रांसपोर्ट व्यवसाययों ने आईजी राहुल प्रकाश को अपना पूरा सहयोग देने की बात भी कही है। राहुल प्रकाश के इस नवाचार से निश्चित रूप से हाईवे पर हो रही सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी क्योंकि हाईवे पर ब्लैक स्पॉट की सूची जारी कर दी गई है जिसे क्यूआर कोड के माध्यम से देखकर ड्राइवर को यह पता चल जाएगा कि हाईवे पर इस जगह पर दुर्घटना होने के ज्यादा चांस है इसलिए वह पहले से ही सचेत होकर गाड़ी चलाएगा। गौरतलब है कि राजधानी जयपुर चारों दिशाओं में बड़े सड़क मार्ग से जुड़ी हुई है जयपुर से दिल्ली, आगरा, अजमेर, टोंक, आगरा सभी सड़क मार्ग पर जयपुर रेंज आईजी की ओर से उन स्थानों को चिन्हित किया गया जहां पर सड़क दुर्घटनाएं ज्यादा होती है या फिर सड़क दुर्घटनाएं होने के ज्यादा चांस होते हैं इस तरह से सड़क मार्ग पर सड़क दुर्घटना होने की आशंका वाले स्थान को पुलिस ने चिन्हित किया है और फिर एक पूरी लिस्ट ब्लैक स्पॉट के रूप में जारी की गई है जिसे क्यूआर कोड के माध्यम से कोई भी देख सकता है इस बारे में ट्रांसपोर्ट यूनियन को भी अवगत करवा दिया गया है। अब ट्रक मालिक अपने ड्राइवर को पुलिस के इस नए नवाचार का फायदा उठाने के लिए प्रेरित करेंगे जो निश्चित रूप से सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में काफी सहायक साबित होगा । इसमें कोई दो राय नहीं जयपुर से जुड़े सभी राजमार्गों को काफी हद तक नया लुक दे दिया गया है और ट्रैफिक के बोझ को कम करने के लिए फोर लाइन और सिक्स लाइन सड़क का निर्माण किया गया है लेकिन इसके बावजूद भी सड़क दुर्घटनाओं में कोई कमी नहीं आई है जयपुर से जुड़े सभी राजमार्गों पर आए दिन सड़क दुर्घटनाएं लोगों की मौत का कारण भी बन रही है इसके अलावा पुलिस और प्रशासन के लिए भी यह सड़क दुर्घटनाएं बड़ी चुनौती बनी हुई है इसलिए राहुल प्रकाश लोगों की मौत का कारण भी बन रही है इसके अलावा पुलिस और प्रशासन के लिए भी यह सड़क दुर्घटनाएं बड़ी चुनौती बनी हुई है इसलिए जयपुर रेंज राहुल प्रकाश ने इन सड़क दुर्घटनाओं को काफी गंभीरता से लिया और इन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सड़क मार्ग पर उन स्थानों को चिन्हित करने का निर्णय लिया जहां पर सड़क दुर्घटनाएं ज्यादा होती है या फिर ज्यादा होने के आसन का होती है इनमें खतरनाक कट भी शामिल किए गए हैं गौरतलब है कि भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी राहुल प्रकाश शुरू से ही काफी एक्टिव रहे हैं ।

## चांदी 6800 और सोना 2100 रुपए हुआ सस्ता, चांदी 245000 रुपए प्रति किलो में बिकी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर सराफा बाजार में मंगलवार को चांदी और सोने की कीमत में भारी गिरावट देखने को मिली मंगलवार को चांदी जहां 6800 रुपए सस्ती देखी गई तो सोना 2100 रुपए सस्ता था इस तरह से जयपुर सराफा बाजार में मंगलवार को चांदी 245000 रुपए प्रति किलो के भाव से बेची गई। इसी तरह से शुद्ध सोना 153700 रुपए प्रति 10 ग्राम और जेवराती सोना 143800 रुपए प्रति 10 ग्राम निर्धारित था मंगलवार को जयपुर सराफा बाजार में अचानक एक बार फिर से चांदी और सोने की कीमत में गिरावट आई । सोने और चांदी की कीमत में इस तरह से अचानक बदलाव आना कोई नई बात नहीं है क्योंकि पिछले कई महीनो से जयपुर सराफा बाजार में यही देखने को मिल रहा है कि कभी कुछ दिनों तक चांदी और सोने की कीमत में रोजाना निरंतर वृद्धि होती रहती है और फिर अचानक सोने और चांदी की कीमत में रोजाना गिरावट होती रहती है कभी रोजाना कीमत में वृद्धि होना और फिर अचानक रोजाना कीमत में कमी होने की वजह से लोग भी सोने और चांदी की कीमत को लेकर पिछले कई महीनो से हमेशा असमंजस की स्थिति में रहते हैं इसी वजह से जयपुर सराफा बाजार में सोने और चांदी की खरीदारी पर भी विपरीत असर पड़ रहा है जयपुर सराफा बाजार से जुड़े कारोबारी साफ कहते हैं कि सोने और चांदी की कीमत में पिछले कई महीनो से लगातार जो अस्तित्व का माहौल बना हुआ है और लगातार सोने चांदी की कीमत में उतार-चढ़ाव का जो सिलसिला बना हुआ है उसकी वजह से सोने चांदी के कारोबार पर विपरीत असर जरूर पड़ रहा है क्योंकि जो लोग पहले सोने और चांदी में इन्वेस्ट किया करते थे उन लोगों ने अब सोने और चांदी में इन्वेस्ट करने की वजह है जमीन जायदाद और रियल एस्टेट के कारोबार में ज्यादा इन्वेस्ट करने लगे हैं क्योंकि सोने और चांदी की कीमत में हो रहे उत्तल-पुथल और उतार चढ़ाव की वजह से लोगों को यह लगता है कि सोने और चांदी में इन्वेस्ट करने से उन्हें घाटा भी हो सकता है और उनकी रकम डूब सकती है इसलिए यह लोग अब सोने और चांदी में इन्वेस्ट करने में कम दिलचस्पी दिखा रहे हैं जिसकी वजह से कारोबार भी ठीक तरह से गति नहीं पड़ रहा हालांकि जिनके घरों में शादियां होती हैं उन्हें मजबूरी में जरूर सोने और चांदी के आभूषण को खरीदने के लिए सराफा बाजार में आते हैं लेकिन इनमें ज्यादातर लोग अपने घरों से पुरानी चांदी को लेकर आते हैं और पुरानी चांदी को बेचकर उसके पैसे में सोने चांदी के नए आभूषण खरीद कर अपना काम चला लेते हैं इसके अलावा चांदी की कीमत अब काफी ज्यादा हो गई है पहले चांदी सस्ती थी तब लोग ज्यादातर मांगलिक अवसर पर या खुशी के मौके परअपने रिश्तेदारों और नजदीकी लोगों को चांदी के सिक्के या फिर चांदी की वस्तुएं गिफ्ट दे दिया करते थे लेकिन अब चांदी की कीमत अधिक होने की वजह से चांदी के आइटम भी गिफ्ट के रूप में लोग बहुत कम देते हैं इसलिए चांदी की बिक्री भी अब पहले की तरह नहीं रह गई है ।

# राजस्थान क्रिकेट संघ और डेनमार्क के बीच महत्वपूर्ण समझौता, राजस्थान के होनहार क्रिकेटर डेनमार्क क्रिकेट का गुरु सीखने जाएंगे

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के क्रिकेटर और प्रदेश के क्रिकेट के लिए मंगलवार का दिन काफी शुभ रहा मंगलवार को राज्य क्रिकेट संघ की तदर्थ कमेटी और डेनमार्क के राजदूत के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ है जिसमें दोनों पक्षों के बीच क्रिकेट खेल की बेहतरीन और अच्छे क्रिकेटर तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण समझौता हुआ है। जिसमें राजस्थान के होनहार क्रिकेटर ट्रेडमार्क में जाकर वहां पर क्रिकेट खेल की बारीकियां को अच्छे प्रशिक्षकों से सीखेंगे और डेनमार्क के क्रिकेटर भी यहां राजस्थान में आकर राजस्थान के क्रिकेटरों के साथ क्रिकेट खेलेंगे और क्रिकेट के गुण सीखेंगे राजस्थान के क्रिकेट को समझने वाले लोगों का कहना है कि आईपीएल प्रतियोगिता के शुरू होने के बाद जरूर प्रदेश के क्रिकेटरों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना खेल दिखाने का मौका मिल रहा है राजस्थान के कुछ क्रिकेटर जरूर आईपीएल में विभिन्न प्रतियोगिताओं में खेल रहे हैं अन्यथा पिछले कई सालों से राजस्थान के क्रिकेटर राष्ट्रीय टीम का हिस्सा बनने के लिए तरस रहे है। हालांकि इस दौरान टोंक के खलील, दीपक चहर जैसे कुछ ही खिलाड़ियों को राष्ट्रीय टीम में खेलने का मौका जरूर मिला है लेकिन देश के कहीं अन्य छोटे-छोटे राज्यों के कई क्रिकेटर राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह बनाए हुए हैं कोई वनडे टीम में कोई टी20 टीम में और कोई टेस्ट मैच में जगह बनाए हुए हैं लेकिन राजस्थान के क्रिकेटर अन्य राज्यों की तुलना में राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने में काफी पीछे हैं वजह यही है कि राजस्थान में अब भी क्रिकेट और क्रिकेटरों की भलाई के लिए ठोस कार्य और उपाय नहीं किया जा रहे इसकी सबसे बड़ी वजह यही है कि पिछले कई सालों से राज्य क्रिकेट संघ और जिला क्रिकेट संघ दोनों ही जगह पर संघ में मौजूद सदस्यों में आपस में जोरदार टकराव के हालात बने हुए हैं इसकी वजह से प्रदेश में क्रिकेट और क्रिकेटरों की गतिविधियों पर भी विपरीत असर पड़ता है राज्य क्रिकेट संघ में भी बड़े स्तर पर पिछले कई सालों से मनमुटाव के हालात देखे जा रहे हैं अब जिस तरह से राज्य क्रिकेट संघ की तादाद कमेटी के कन्वीनर मोहित यादव को बनाया गया है यादव का कहना है कि उनकी प्राथमिकता राज्य क्रिकेट संघ और जिला क्रिकेट संघ के जल्दी से जल्दी चुनाव करवाने की है ताकि प्रदेश में क्रिकेट और क्रिकेटरों की गतिविधियों में इजाफा हो अब जिस तरह से मंगलवार को ट्रेन मार्ग के राजदूत के साथ राज्य क्रिकेट संघ का समझौता हुआ है यह निश्चित रूप से प्रदेश के क्रिकेट और होनहार क्रिकेटरों के लिए अच्छी खबर है।

## सम्पादकीय

### महाशक्ति की सुरक्षा में सेंध, ट्रंप पर हमले ने खड़े किए गंभीर सवाल



अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन में मीडिया कर्मियों के लिए आयोजित रात्रिभोज में गोलीबारी की घटना ने दुनिया भर में सबके कान खड़े कर दिए हैं। यह वारदात ऐसे मौके पर हुई, जब यहां राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, उनकी पत्नी एवं प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप समेत कई बड़े नेता मौजूद थे। हालांकि बाद में सुरक्षाकर्मियों ने हमलावर को गिरफ्तार कर लिया, लेकिन सवाल है कि विश्व की महाशक्ति होने का दंभ भरने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति की सुरक्षा में अपने ही देश के भीतर इस तरह की चूक कैसे हो सकती है? कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हमलावर आयोजन स्थल में सेंध लगाने में कैसे कामयाब हो गया! गोलीबारी की वजह से पूरे परिसर में अफरा-तफरी मच गई और ट्रंप को उनकी पत्नी के साथ तत्काल सुरक्षित स्थान पर ले जाना पड़ा। यह घटना सिर्फ अमेरिका के लिए नहीं, बल्कि उन तमाम देशों के लिए भी सबक है, जो मानते हैं कि उनके शीर्ष नेतृत्व की सुरक्षा अभेद्य है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हमलावर ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों को निशाना बनाना चाहता था, लेकिन यहां राष्ट्रपति की मौजूदगी से मामले की गंभीरता का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। गौरतलब है कि डोनाल्ड ट्रंप पर पहले भी दो बार हमले हो चुके हैं, हालांकि यह बात अलग है कि उस दौरान वे अमेरिका के राष्ट्रपति पद पर नहीं थे। मार्च 2016 में लास वेगास में राष्ट्रपति के चुनाव प्रचार के दौरान रैली में एक व्यक्ति ने मंच के पास पहुंचकर ट्रंप की सुरक्षा में तैनात पुलिस अधिकारी का हथियार छीनने की कोशिश की थी। हिरासत में पूछताछ में उसने स्वीकार किया था कि वह ट्रंप को नुकसान पहुंचाना चाहता था। इसके बाद जुलाई 2024 में चुनावी रैली में ट्रंप पर उस समय खतरनाक हमला हुआ था, जब वह मंच से भाषण दे रहे थे। मगर गनीमत रही कि हमलावर की ओर से चलाई गई गोली उनके दाहिने कान के ऊपरी हिस्से को छूकर निकल गई। यह बात समझ में आती है कि इन दो घटनाओं के दौरान ट्रंप राष्ट्रपति नहीं थे, इसलिए उनकी सुरक्षा का दायरा उतना बड़ा नहीं था, लेकिन उनके राष्ट्रपति होते हुए अगर सुरक्षा में किसी तरह की चूक होती है, तो व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठना स्वाभाविक है। इस घटना की शुरुआती जांच में एक बात यह भी निकलकर सामने आई है कि हमलावर सोशल मीडिया पर ट्रंप विरोधी टिप्पणियां करता रहा है और वह उस होटल में कुछ दिन पहले ठहरा था, जहां यह समारोह आयोजित किया गया था। यानी उसने आयोजन स्थल को पहले ही अच्छी तरह जांच परख लिया था और उसके बाद सुनियोजित तरीके से कार्यक्रम में घुसने की साजिश रची। यही नहीं खबरों के मुताबिक, हमलावर के परिवार ने उसकी मंशा को लेकर कानून प्रवर्तन एजेंसियों को पहले सतर्क भी किया था, लेकिन स्पष्ट है कि इस चेतावनी को गंभीरता से नहीं लिया गया। इस घटना के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि अगर यह कार्यक्रम व्हाइट हाउस में निर्माणाधीन सैन्य रूप से अत्यंत गोपनीय 'बालरूम' में हुआ होता, तो इस तरह की वारदात नहीं होती। अदालत ने इस निर्माण पर फिलहाल रोक लगा रखी है। मगर सवाल सिर्फ किसी एक सुरक्षित स्थान का नहीं है। राष्ट्रपति को दिनभर कई जगह कार्यक्रमों और बैठकों में हिस्सा लेना होता है। अमेरिका जैसे देश में राष्ट्र प्रमुख की सुरक्षा का घेरा दुनिया में सबसे मजबूत माना जाता है, लेकिन यहां भी अगर सुरक्षा में चूक हो जाए, तो इसे क्या कहा जाएगा? अमेरिकी टाइम के अनुसार शनिवार रात व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स एसोसिएशन डिनर के दौरान हुई गोलीबारी में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सुरक्षा में बहुत बड़ी सेंध लग गई।

# परिवर्तन को तैयार दिखता बंगाल

*आंकड़े इस सफलता की पुष्टि करते हैं। 2013 में जहां 126 जिले नक्सल प्रभावित थे, वहीं 2026 में यह संख्या शून्य हो गई है। यानी हथियारबंद नक्सलवाद लगभग समाप्त हो चुका है। बड़े हमलों में भारी गिरावट आई है, जबकि गिरफ्तारी और आत्मसमर्पण के मामलों में तेजी आई है। यह न केवल सुरक्षा सफलता है, बल्कि नक्सली ढांचे के विघटन का संकेत है। फिर भी यह समझना जरूरी है कि 'विचारों को खत्म करना आसान नहीं होता।' सशस्त्र आंदोलन भले ही लगभग समाप्त हो चुका हो, लेकिन उससे जुड़ी विचारधारा विभिन्न रूपों में अभी भी मौजूद है। कई बार इसे राज्य के दमन के खिलाफ वैध प्रतिरोध के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, जिससे कुछ वर्गों में सहानुभूति बनी रहती है। यही आगे की चुनौती है। माओवादी विचारधारा अब केवल जंगलों तक सीमित नहीं रही। यह शहरी क्षेत्रों, विश्वविद्यालयों, सांस्कृतिक मंचों, थिएटर और डिजिटल माध्यमों के जरिए भी प्रसारित हो रही है। कई बार इन मंचों पर नक्सल आंदोलन को भावनात्मक रूप से प्रस्तुत किया जाता है और राज्य की वैधता पर सवाल उठाए जाते हैं। यह एक व्यापक और परतदार प्रभाव तंत्र है, जो बिना किसी केंद्रीकृत संरचना के भी सक्रिय बना रहता है। डिजिटल मीडिया ने इन विचारों को तेजी से फैलाने में अहम भूमिका निभाई है, खासकर युवाओं के बीच। युवा वर्ग भावनात्मक और वैचारिक प्रभावों के प्रति अधिक संवेदनशील होता है, जिससे ये कथानक तेजी से फैलते हैं और कई बार तथ्यों से ज्यादा प्रभावी साबित होते हैं। अब जब सुरक्षा बलों ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति स्थापित कर दी है, सरकार के सामने अगली बड़ी जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करने की है कि विकास और सुशासन का लाभ इन क्षेत्रों तक लगातार पहुंचे।*



बंगाल सिर्फ वोट नहीं डाल रहा है। वह अपने लोकतांत्रिक भविष्य की नई दिशा भी तय करता दिख रहा है। निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के सघन संशोधन का जो अभियान चलाया, उससे राज्य भर से बड़े पैमाने पर संदिग्ध, मृत और स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। चुनाव प्रक्रिया का सख्त और पारदर्शी होना केवल मतदान तक सीमित नहीं है। यह उस औपचारिक राज्य की वापसी है, जो लंबे समय तक स्थानीय शक्ति संरचनाओं के पीछे छिप गया था। मतदाता परिणाम और सुशासन के आधार पर सत्ता की वैधता तय करना चाहता है।

राजनीति विज्ञान का एक सीधा नियम है कि जहां अनौपचारिक शक्ति संरचनाएं और सिंडिकेट हावी होते हैं, वहां राज्य की औपचारिक क्षमता पूरी तरह कमजोर हो जाती है। यही स्थिति बंगाल में निवेश और विकास की सबसे बड़ी बाधा बन गई है। जो बंगाल कभी औद्योगिक उत्पादन का प्रमुख केंद्र था, वह आज रोजगार देने में काफी पिछड़ चुका है। जब भी कोई नया कारखाना या उद्यम शुरू होता है, स्थानीय बाहुबली उसमें दखल देते हैं। इससे निवेशक पीछे हटने पर मजबूर हो जाते हैं। जनता अब ऐसा तंत्र चाहती है, जो पारदर्शी हो और औपचारिक अर्थव्यवस्था को मजबूती दे।

यह चुनाव एक गहरे सामाजिक और पीढ़ीगत बदलाव का भी गवाह बन रहा है। नई पीढ़ी राजनीतिक निष्ठा के बजाय अवसरों के आधार पर प्राथमिकताएं तय कर रही है। आज का युवा मतदाता पारंपरिक झंडों और नारों का मोहताज नहीं है। उसे एक ऐसा तंत्र चाहिए जिस पर वह विश्वास कर सके। वह बेंगलुरु, पुणे या दिल्ली जैसी सुविधाओं और अवसरों को अपने ही राज्य में देखना चाहता है। जब यह महत्वाकांक्षा पूरी नहीं होती तो उसका गुस्सा सत्ता के खिलाफ मुखर होता है। राष्ट्रवाद, पारदर्शिता और विकास की राजनीति का जो नया विकल्प राज्य में उभर रहा है, वह इसी युवा वर्ग की आकांक्षाओं को स्वर देता दिख रहा है। राजनीति में नागरिक और सरकार के रिश्ते के मायने भी तेजी से बदल रहे हैं।

सरकार की मुफ्त राशन और नकद सहायता जैसी योजनाओं ने समाज के निचले तबके को फौरी राहत जरूर दी है, लेकिन अर्थशास्त्र और राजनीति का यह अनुभव बताता है कि एक सीमा के बाद कल्याणकारी योजनाओं का राजनीतिक प्रभाव घटने लगता है। खासकर तब, जब वे जनता की नई आकांक्षाओं को संतुष्ट नहीं कर पातीं। जब सरकार नागरिकों को स्थायी रूप से केवल 'लाभार्थी' मानकर चलने लगती है तो बुनियादी विकास पीछे छूट जाता है। यह निर्भरता समाज को आर्थिक रूप से अपने पैरों पर खड़ा नहीं होने देती। बंगाल का मतदाता अब कुछ सौ रुपयों की मासिक सहायता से आगे पक्का रोजगार और अपनी मेहनत का सम्मानजनक मोल चाहता है। सशक्तीकरण का यही माडल अब बंगाल के विमर्श में जगह बनाता प्रतीत हो रहा है।

जनसांख्यिकी और राष्ट्रीय सुरक्षा ऐसी चिंताएं बन चुकी हैं, जिन्हें अब किसी भी कीमत पर अनदेखा नहीं किया जा सकता। सीमावर्ती जिलों में घुसपैठ के आरोप और उनसे जुड़ी चिंताओं ने राज्य की सामाजिक पहचान पर एक बड़ी बहस छेड़ दी है। संदेशखाली जैसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं ने पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा है। सत्ता के करीब माने जाने वाले स्थानीय बाहुबलियों ने जिस प्रकार महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाई, उसने बंगाली भद्रलोक और ग्रामीण समाज को भीतर तक आहत किया। यह एक विशेष प्रकार की तुष्टीकरण की राजनीति का सीधा नतीजा है। राज्य का एक वर्ग कह रहा है कि इस तरह की नीतियों में कानून के समान शासन की पूरी तरह अनदेखी हो रही है।

उत्तर बंगाल के राजबंशी समुदाय से लेकर मतुआ समाज तक, सभी अपनी अस्मिता और अधिकारों को सुरक्षित रखना चाहते हैं। बंगाल की राजनीति में लंबे अरसे तक राजनीतिक हिंसा का इस्तेमाल अपना दबदबा बनाए रखने के हथियार के रूप में हुआ है। चुनाव से पहले लोगों को डराना और विरोधियों को निशाना बनाना यहां का कड़वा सच रहा है, लेकिन इस बार केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की भारी तैनाती और चुनाव आयोग के सख्त रवैये ने डर के उस माहौल को काफी हद तक खत्म कर दिया है।

इसी सुरक्षित माहौल में बंगाल में एक मौन मतदाता उभर रहा है। यह वह मतदाता है, जो सार्वजनिक रूप से कुछ नहीं कहता, लेकिन मतदान केंद्र पर अपनी स्वतंत्र पसंद दर्ज करता है। बिना किसी डर या दबाव के मतदान करने की यह हिम्मत एक परिपक्व होते लोकतंत्र का बहुत शुभ संकेत है। बंगाल की धरती पर चल रहा यह मंथन केवल एक सरकार के कामकाज का लेखा-जोखा नहीं है, बल्कि एक परिवर्तन की पदचाप है।

पैमाने पर संदिग्ध वोटरों के नाम हटना, न्यायपालिका की सख्ती, भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई और सुशासन की मुखर मांग बता रही है कि राज्य बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहा है।

## कहानी

### बारह बहनें

एक था बादशाह, जिसके थीं बारह लड़कियाँ, सबकी सब बड़ी ख़ूबसूरत थीं। सब एक ही साथ रहतीं और एक ही कमरे में सोतीं, सबकी चारपाइयाँ कमरे में बराबर से लगी हुई थीं। जब लड़कियाँ सो जातीं तो बादशाह ख़ुद आ कर बाहर से कमरे का दरवाज़ा बंद कर देता। बादशाह को डर था कि लड़कियों को कहीं कोई तकलीफ़ न पहुँचा जाए। इसलिए वो हर रात को दरवाज़ा बंद कर देता था और सुबह सवेरे ही खोल जाता। एक दिन सुबह को जब बादशाह दरवाज़ा खोलने आया तो ये देख कर उसे बड़ा ता'ज्जुब हुआ कि बारहों लड़कियों के जूते एक क़तार में रखे हुए हैं, हर जूते की एड़ी घिसी हुई है। जूते गर्द में अटे हुए हैं। बादशाह समझ गया कि लड़कियाँ ज़रूर रात को कहीं गईं थीं मगर लड़कियाँ क्यों कर बाहर गईं, ये उसकी समझ में न आया। लड़कियों से पूछना मुनासिब न समझा। आख़िर में मजबूर हो कर उसने ऐलान किया कि जो कोई भी मा'लूम कर लेगा कि शहज़ादियाँ रात को कहाँ जाती हैं उसकी शादी उस शहज़ादी से कर दी जाएगी जिस को वो पसंद करेगा। राज-पाट भी उसी को दे दिया जाएगा। मगर शर्त ये है कि तीन दिन के अंदर मा'लूम करके बतलाए वर्ना फांसी दे दी जाएगी। कुछ दिनों के बा'द एक शहज़ादा आया और अपने आपको इस काम के लिए पेश किया। बादशाह ने उसका इस्तिक़बाल बड़ी धूम-धाम से किया। शहज़ादियों का कमरा दिखलाया। कमरे के पास ही शहज़ादे के सोने और रहने का इंतिज़ाम किया। ताकि नज़दीक से शहज़ादियों की निगरानी अच्छी तरह कर सके। रात को शहज़ादियों के कमरे का दरवाज़ा खुला छोड़ दिया गया ताकि शहज़ादा उनके सोने-जागने को अच्छी तरह देख सके। लेकिन अभी थोड़ी ही रात गई थी कि शहज़ादे की आँखों में नींद भर आई और वो बे-ख़बर हो कर सो रहा। शहज़ादियाँ हर रात की तरह आज रात को भी घूमने गईं जब सुब्ह-सवेरे बादशाह आया तो उसने देखा कि लड़कियों के जूतों पर गर्द पड़ी हुई है और एड़ियाँ घिसी हुई हैं। बादशाह ने शहज़ादे से पूछा कि, 'बतलाओ लड़कियाँ कहाँ थीं? ' शहज़ादा कोई जवाब न दे सका। दूसरी और तीसरी रात को भी शहज़ादियाँ घूमने गईं और शहज़ादा हर रात की तरह सोता रहा। आख़िर चौथे दिन शहज़ादे को फाँसी दे दी गई। उसके बा'द बहुत से शहज़ादे आए मगर कोई भी ये न मा'लूम कर सका कि शहज़ादियाँ कब और कहाँ घूमने जाती हैं। एक दिन ऐसा इत्तिफ़ाक़ हुआ कि एक ग़रीब सिपाही सड़क से गुज़र रहा था। उसने भी बादशाह का ऐलान देखा। जी में आया कि किसी तरह ये भेद मा'लूम हो जाता तो ज़िंदगी बड़े आराम से गुज़रती लेकिन ये भेद कैसे मा'लूम होगा, उसकी कुछ समझ में न आया। इसी सोच में चला जा रहा था कि एक बुढ़िया मिली, बुढ़िया ने पूछा, 'सिपाही-सिपाही कहाँ जा रहे हो? ' सिपाही ने कहा, 'ये तो मुझ को भी नहीं मा'लूम, मगर दिल ये चाहता है कि किसी तरह शहज़ादियों के घूमने का भेद मा'लूम हो जाता तो बड़ा अच्छा हो जाता। बुढ़िया ने कहा ये कोई मुश्किल बात नहीं। बस तुम हिम्मत कर लो तो बेड़ा पार है। देखो रात को खाने के बा'द लड़कियाँ शराब भिजवाएँगी... उसको न पीना, उसके पीने से बड़ी गहरी नींद आती है। तुम हरगिज़-हरगिज़ शराब मत पीना। बिस्तर पर लेटते ही सोता हुआ बन जाना और ये ज़ाहिर करना कि तुम गहरी नींद में सो रहे हो, ताकि शहज़ादियाँ निडर हो कर घूमने जा सकें, ये लबादा भी अपने साथ ले जाओ। इसमें ख़ास बात ये है कि जब तुम इसको ओढ़ लोगे तो तुम्हें कोई भी नहीं देख सकता और तुम सबको देख सकते हो। ' जब बुढ़िया सब कुछ समझा चुकी तो सिपाही की हिम्मत और बढ़ गई। वो बादशाह के पास ख़ुश-ख़ुश गया और कहने लगा में मा'लूम करूँगा कि शहज़ादियाँ रात को कहाँ घूमने जाती हैं। बादशाह ने सिपाही को उम्दा कपड़े पहनाए और शहज़ादियों के कमरे के पास ले जा कर उसके सोने का कमरा बतला दिया। शाम होते ही एक शहज़ादी शराब का प्याला लिए हुए सिपाही के पास आई और हंस कर पीने को कहा। सिपाही ने अपने हल्क़ के पास एक थैली बाँध रखी थी। सिपाही ने बड़ी होशयारी से शराब थैली में उंडेल ली। चारपाई पर लेटते ही गहरी नींद में सोता हुआ बन गया।

*ईरानी नेताओं के बीच आपसी झगड़े की बात को गत सप्ताह की इन अफवाहों से भी बल मिला कि समझौता वार्ताओं में ईरान का नेतृत्व कर रहे मोहम्मद गलीबाफ मुख्य प्रतिनिधि के पद से इस्तीफा दे दिया है। इसकी वजह वार्ताओं की दिशा को लेकर रेवोल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख जनरल अहमद वहीदी के साथ गहराते मतभेद बताई गई। बताया जा रहा है कि पहले दौर की बातचीत में कतर ने खाड़ी देशों के 20 जहाजों के बदले ईरान के 20 जहाजों को होर्मुज से रास्ता देने का प्रस्ताव रखा था। गलीबाफ उसके पक्ष में थे, लेकिन रेवोल्यूशनरी गार्ड ने उसे रोक दिया। तब से उनके और ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद और मजलिस के कट्टरपंथी सदस्यों के बीच तीखी बयाबाजी चल रही है। उनके साथ-साथ विदेश मंत्री अब्बास अराघजी को भी होर्मुज को खोलने के बयान और वार्ताओं के समर्थन में दिए कुछ बयानों की वजह से आड़े*

# संतुलन पर टिका व्यापार समझौता

भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते यानी एफटीए का मूर्त रूप लेना भारत की व्यापारिक कूटनीति में महत्वपूर्ण कदम है। यह इसका भी स्पष्ट संकेत है कि देश पूरे आत्मविश्वास के साथ वैश्विक मंच पर जुड़ाव के लिए तैयार है। भारत अब वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ और अधिक गहराई से जुड़ने का इच्छुक होने के साथ यह सुनिश्चित करने में भी लगा है उसके किसानों, श्रमिकों, छोटे उद्यमों यानी एमएसएमई और रणनीतिक क्षेत्रों के हित पूरी तरह सुरक्षित रहें। यह समझौता पिछले वर्ष मार्च में आरंभ हुई वार्ताओं का परिणाम है, जिस पर दिसंबर में ही सहमति बन गई थी और सोमवार को उस पर हस्ताक्षर भी हो गए। यह कवायद आर्थिक संबंधों को प्रगाढ़ बनाने की दिशा में दोनों पक्षों की प्रबल राजनीतिक इच्छाशक्ति का प्रतीक बनकर भी उभरी है। भारत के लिए यह समझौता केवल इसलिए ही महत्वपूर्ण नहीं है, क्योंकि यह एक उच्च आमदनी वाले और व्यापार एकीकृत बाजार में नए अवसर खोलता है, बल्कि इस दृष्टि से भी महत्व रखता है कि इसके माध्यम से भारत के ओशियानिया और प्रशांत क्षेत्र में संबंधों को नया आयाम मिलेगा। अभी भारत और न्यूजीलैंड के बीच 1.3 अरब डालर के द्विपक्षीय व्यापार में भारत को ही बढ़त की स्थिति प्राप्त है, मगर न्यूजीलैंड के 47.5 अरब डालर के आयात में भारत की हिस्सेदारी मात्र दो प्रतिशत के मामूली स्तर पर है। पहले भारतीय उत्पादों पर 10 प्रतिशत का सीमा शुल्क लगता था, लेकिन एफटीए से ये समीकरण पूरी तरह बदल जाएंगे। व्यापक रूप से देखें तो भारत-न्यूजीलैंड एफटीए भविष्य को ध्यान में रखने वाला समझौता है, जो वस्तुओं और सेवाओं के साथ ही गतिशीलता एवं नवाचार को ध्यान में रखता है। न्यूजीलैंड भारतीय निर्यातों के लिए सभी टैरिफ लाइनों पर निःशुल्क पहुंच प्रदान करने जा रहा है, जिसमें वस्त्र, परिधान, चमड़े के सामान, कालीन, आटोमोबाइल और कलपुर्जों पर ऊंचे टैरिफ समाप्त कर दिए गए हैं। इसके बदले में भारत



लगभग 70 प्रतिशत शुल्क श्रेणियों में सीमित बाजार प्रवेश देगा और 30 प्रतिशत श्रेणी में शुल्क तत्काल समाप्त करेगा, जबकि शेष श्रेणियों में इसे चरणबद्ध तरीके से हटाया जाएगा। भारत ने लगभग 30 प्रतिशत संवेदनशील 'टैरिफ लाइनों' को इस सूची से बाहर रखा है, ताकि घरेलू हितों की रक्षा की जा सके। इसमें डेरी उत्पादों, दालों, चीनी, खाद्य तेल, प्याज, मक्का और बादाम जैसी श्रेणियों को संरक्षण प्रदान किया गया है, जो खाद्य सुरक्षा के साथ ही किसानों के हितों को संबोधित करते हैं। अनूठी विशेषताएं इस एफटीए को और आकर्षण प्रदान करती हैं। जैसे न्यूजीलैंड ने अगले 15 वर्षों में भारत में 20 अरब डालर के निवेश की बात की है। यह निवेश मुख्य रूप से बुनियादी ढांचे, विनिर्माण और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों पर केंद्रित होगा। इसमें एक पुनर्संतुलन का भी प्रविधान है, जो निवेश लक्ष्य पूरे न होने की स्थिति में भारत को उपचारात्मक उपाय करने की अनुमति देता है। यह कदम रोजगार, तकनीक हस्तांतरण और आपूर्ति श्रृंखला के एकीकरण को बढ़ावा देगा, जिसमें न्यूजीलैंड के मजबूत विदेशी निवेश प्रोफाइल का लाभ मिलेगा। इसके अतिरिक्त, न्यूजीलैंड ओशियानिया-प्रशांत बाजारों और स्थापित वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में भारत के लिए एक रणनीतिक प्रवेश-द्वार (गेटवे) की भूमिका भी निभाएगा। भारतीय प्रतिभाओं के लिए भी यह बहुत उपयोगी साबित होने जा रहा है। इसमें भारतीय छात्रों के लिए वीजा की कोई ऊपरी सीमा निर्धारित नहीं की गई है। उन्हें पढ़ाई के दौरान 20 घंटे काम करने और पढ़ाई के बाद भी चार साल तक के लिए प्रभावी वीजा दिया जाएगा। न्यूजीलैंड ने किसी एफटीए में पहली बार इस तरह का कोई प्रविधान किया है। एक नई अस्थायी रोजगार प्रवेश श्रेणी के तहत आइटी, स्वास्थ्य सेवा और इंजीनियरिंग क्षेत्र की प्रतिभाओं के लिए 5,000 प्रोफेशनल वीजा भी सुनिश्चित किए गए हैं।

# रक्षा खर्च बढ़ाने की बाध्यता

स्टाकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट यानी सीपरी की इस रिपोर्ट पर आश्चर्य नहीं कि 2025 में विश्व का कुल सैन्य खर्च 2024 के मुकाबले 2.9 प्रतिशत अधिक रहा। अब रक्षा खर्च विश्व की कुल जीडीपी का 2.5 प्रतिशत हो गया है। इस संस्था की रिपोर्ट यह भी बताती है कि रक्षा खर्च में भारत विश्व में पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। चूंकि भारत विश्व की चौथी बड़ी सैन्य शक्ति है, इसलिए रक्षा खर्च के मामले में उसका पांचवें स्थान पर होना हैरानी का विषय नहीं। भारत रक्षा खर्च में कटौती इसलिए नहीं कर सकता, क्योंकि चीन और पाकिस्तान जैसे देश उसके लिए समस्या बने हुए हैं। चूंकि वैश्विक परिदृश्य बदलने के साथ लड़ाई के तौर-तरीके भी बदल रहे हैं, इसलिए अपनी सेना



के आधुनिकीकरण के चलते भी भारत को रक्षा खर्च बढ़ाना पड़ रहा है। वर्तमान चुनौतियों को देखते हुए भारत के लिए यह संभव नहीं कि वह अपने रक्षा खर्च में कमी करे। भारत की तरह अन्य कई देशों को भी अपने समक्ष उभर रहे खतरों के कारण अपना रक्षा खर्च बढ़ाना पड़ रहा है। कुछ ऐसे भी देश हैं, जो आर्थिक रूप से कमजोर होने के बाद भी पड़ोसी देशों पर अपना दबदबा कायम करने अथवा उन्हें आतंकित करने के लिए अपना रक्षा खर्च बढ़ाने में जुटे रहते हैं। दुर्भाग्य से पड़ोसी पाकिस्तान ऐसे देशों में प्रमुख है। चीन भी अंधाधुंध तरीके से रक्षा पर खर्च कर रहा है, ताकि एशिया के साथ विश्व में अपना वर्चस्व कायम कर सके। आज के लोकतांत्रिक युग में किसी देश से यह अपेक्षित नहीं कि वह विस्तारवादी अथवा सामंतवादी मानसिकता का परिचय दे, पर समस्या यह है कि ऐसी मानसिकता वाले देशों की कमी नहीं। ऐसे देशों के समक्ष वैश्विक संस्थाएं और विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद जिस तरह असहाय-निरुपाय है, उसके चलते भी हथियारों की होड़ बढ़ रही है और तमाम देशों को जो पैसा अपने लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में खर्च करना चाहिए, वह सैन्य संसाधन जुटाने में खपाना पड़ता है। पिछले कुछ समय से प्रमुख वैश्विक शक्तियां जिस तरह मनमानी कर रही हैं, उससे अभी तक चली आ रही विश्व व्यवस्था छिन्न-भिन्न हो चुकी है। जैसे यूक्रेन पर रूस का हमला, उसकी मनमानी का परिचायक था, वैसे ही अमेरिका की ओर से पहले वेनेजुएला और फिर ईरान को निशाना बनाना भी उसका मनमानापन ही है। बड़े देशों की यह मनमानी भी रक्षा खर्च की होड़ बढ़ा रही है।

# 23 से 25 मई तक होगा 'ग्राम' एग्रीटेक मीट, पंचायतों में ग्राम रथों का जोरदार स्वागत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** किसानों को उन्नत, आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार 23 से 25 मई 2026 तक 'ग्राम' (ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट) का आयोजन करने जा रही है। कृषि निवेश, नवाचार, आधुनिक तकनीक और किसान समृद्धि पर केंद्रित इस एग्रीटेक मीट में प्रदेशभर से हजारों किसान, पशुपालक और निवेशक भाग लेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बताया कि यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सशक्त किसान, समृद्ध भारत' विजन को धरातल पर उतारने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इसी उद्देश्य से ग्रामीण क्षेत्रों तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाने के लिए 27 अप्रैल से 15 दिनों तक एलईडी मोबाइल वैन आधारित 'ग्राम रथ अभियान' संचालित किया जा रहा है। जिला कलेक्टर संदेश नायक ने जानकारी दी कि जयपुर जिले की 10 ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रों–बगरू, आमेर, बस्सी, चाकसू, दूदू, फुलेरा, चौमू, जमवारामगढ़, शाहपुरा और झोटवाड़ा–के 22 ब्लॉकों एवं 597 ग्राम पंचायतों में यह अभियान लगातार चलाया जा रहा है।



### पंचायतों में मिला उत्साहजनक स्वागतः

ग्राम रथों के विधानसभा क्षेत्रों में पहुंचने पर जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। प्रत्येक विधानसभा की चार ग्राम पंचायतों में 5 से 6 स्थानों पर लगभग एक-एक घंटे के वीडियो और ऑडियो संदेशों के माध्यम से योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। कला जत्था के स्थानीय कलाकार आंचलिक भाषा में आकर्षक प्रस्तुतियों के जरिए कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन सहित 13 विभागों की योजनाओं की जानकारी रोचक तरीके से आमजन तक पहुंचा रहे हैं। साथ ही किसानों, पशुपालकों और निवेशकों को जयपुर में आयोजित होने वाले 'ग्राम' एग्रीटेक मीट में अधिकाधिक संख्या में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

### सुझाव पेटिका से सीधे सरकार तक पहुंच रहे सुझावः

ग्राम रथों में सुझाव पेटिका की व्यवस्था भी की गई है, जिसके माध्यम से ग्रामीण अपनी समस्याएं और सुझाव सीधे राज्य सरकार तक पहुंचा रहे हैं। इससे योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जनभागीदारी को और मजबूती मिलने की उम्मीद है। प्रशासन के अनुसार यह अभियान न केवल योजनाओं के प्रचार-प्रसार का माध्यम बन रहा है, बल्कि ग्रामीणों और सरकार के बीच संवाद का सशक्त सेतु भी साबित हो रहा है।

## प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व शिव पंचायत को कराया भ्रमण



जयपुर टाइम्स

**नरैना(निसं)।** कस्बा स्थित सिंगली की पाल अंतिम उड़ान एयरपोर्ट मोक्षधाम में सैनी समाज के भंवरलाल दहिया की ओर से नवनिर्मित भूतेश्वर महादेव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व मंगलवार की सांय भक्तिमय स्वरलहरियों के साथ सजे-धजे ट्रैक्टर में शिव पंचायत को भ्रमण करवाया गया। नरैना विकास मंडल के सत्यनारायण शर्मा ने बताया कि शिव पंचायत की प्रतिमाओं का भ्रमण भंवर लाल दहिया के निवास से शुरू होकर बाग वाले बालाजी मंदिर, आजाद चौक, रैगर मौहल्ला होते हुए सिंगली की पाल स्थित मंदिर परिसर में पूर्ण हुआ। बसंत-ऋतुराज सैनी ने बताया कि बुधवार सुबह शिव पंचायत की विधि विधान व मंत्रोच्चारण के साथ पंडितों की उपस्थिति में प्राण प्रतिष्ठा होगी।

## डॉ मोहन चौधरी बने जेकेप के जयपुर संभाग संयोजक

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(निस)।** जाट अधिकारी कर्मचारी कल्याण परिषद (जेकेप) की ओर से संगठनात्मक संरचना को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई है। परिषद के आदेशानुसार डॉ मोहन चौधरी को जयपुर संभाग संयोजक (पदेन प्रदेश उपाध्यक्ष) नियुक्त किया गया है। संस्था के प्रदेश प्रवक्ता लिखमाराम सारण में बताया परिषद को पूर्ण विश्वास है कि डॉ मोहन चौधरी अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए संगठन के उद्देश्यों को गति प्रदान करेंगे तथा समाज व संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## भाटीपुरा की बहू सुमन गुर्जर बनी आरएएस अधिकारी, गांव में खुशी की लहर, भव्य स्वागत



जयपुर टाइम्स

**सांभरलेक(निस)।** कस्बे के समीपवर्ती गांव भाटीपुरा की बहू सुमन गुर्जर के राजस्थान प्रशासनिक सेवा में चयन होने पर पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। सोमवार शाम को भाटीपुरा चौराहे पर ग्रामीणों द्वारा उनका अभूतपूर्व स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। सुमन गुर्जर, मंगलाना राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य नाथूलाल गुर्जर की पत्नी हैं। उनके चयन से न केवल परिवार बल्कि पूरे गांव में गर्व और उत्साह का वातावरण है। ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों और फूल-मालाओं के साथ उनका स्वागत कर इस उपलब्धि को ऐतिहासिक बताया। स्वागत समारोह में समस्त ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर चोसला सरपंच तथा आरएलपी अध्यक्ष माना राम चौधरी सहित कई जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने सुमन गुर्जर को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ग्रामीणों ने कहा कि सुमन गुर्जर की यह सफलता क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणा बनेगी। उनकी उपलब्धि ने यह साबित कर दिया है कि मेहनत और लगन से ग्रामीण परिवेश से भी बड़े मुकाम हासिल किए जा सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान सुमन गुर्जर के सम्मान में माल्यार्पण किया गया और मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया गया। पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल रहा और लोगों ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर एक-दूसरे को बधाई दी।

## जिला निष्पादन समिति एवं मिड-डे मील की समीक्षा बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स

**अलवर(कास)।** अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय योगेश कुमार डागुर ने कलक्ट्रेट सभागार में जिला निष्पादन समिति एवं मिड-डे मील योजना की समीक्षा बैठक लेकर शिक्षा विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया उच्च शैक्षणिक गुणवत्ता पर विशेष फोकस करते हुए विद्यार्थियों का लर्निंग आउटकम बढ़ाने का प्रयास करें। उन्होंने मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान के तहत समस्त पैरामीटर्स पर प्रगति अर्जित करते हुए रैंकिंग सुधार के निर्देश दिए तथा निरीक्षण पैरामीटर में सुधार करने हेतु शिक्षा अधिकारियों को निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रोजेक्ट ई -विद्या के तहत ई-लाइब्रेरी स्थापना की वस्तुस्थिति का फीडबैक लेकर शेष विद्यालयों में यथाशीघ्र ई-लाइब्रेरी स्थापना कराने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने निर्देश दिए कि डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विद्यार्थियों की सहभागिता से प्रत्येक विद्यालय की ई -मैगज़ीन एवं ब्लॉग क्रिएशन कर बच्चों से रचनात्मक लेखन करवाएं जाएं। उन्होंने निर्देशित किया कि जर्जर घोषित विद्यालय जिनकों जमींदोज किए जाने हेतु चिन्हित किया गया है, उन्हें जमींदोज कराने की कार्रवाई करें। अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय ने जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक को निर्देशित किया कि विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्ता युक्त खाना उपलब्ध हो, इसके लिए खाद्य सामग्री एवं दुध की आपूर्ति समयबद्ध हो तथा कुक कम हेल्पर का समयबद्ध भुगतान व खाद्य सामग्री का उचित रखरखाव कराया जावे। उन्होंने निर्देशित किया कि बच्चों के लिए निर्धारित नोमर्स के अनुसार गुणवत्ता युक्त भोजन उपलब्धता के लिए आवश्यक व्यवस्था की पुख्ता रखें।

## वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2026: जल्द शुरू होंगे ऑनलाइन आवेदन, 50 हजार को ट्रेन व 6 हजार को हवाई यात्रा से दर्शन



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राजस्थान सरकार की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2026 के तहत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। शासन सचिवालय में मंगलवार को आयोजित देवस्थान विभाग की यात्रा संचालन समिति की बैठक में कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने अधिकारियों को पोर्टल में आवश्यक संशोधन कर आवेदन प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। मंत्री कुमावत ने बताया कि योजना के सफल संचालन के लिए सात सदस्यीय समिति का गठन किया गया है, जिसकी अध्यक्षता स्वयं देवस्थान मंत्री करेंगे। समिति में गृह, अल्पसंख्यक मामलात, पर्यटन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग सहित देवस्थान विभाग के वरिष्ठ अधिकारी सदस्य होंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी 50 हजार वरिष्ठ नागरिकों को वातानुकूलित ट्रेनों के माध्यम से तीर्थ दर्शन करवाए जाएंगे, जबकि 6 हजार यात्रियों को हवाई यात्रा के जरिए नेपाल स्थित पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन कराए जाएंगे। बैठक में देवस्थान विभाग की वर्ष 2026 की बजट घोषणाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई। मंत्री कुमावत ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बजट में स्वीकृत सभी कार्य प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से पूरे किए जाएं और कोई भी कार्य अधूरा न रहे। उन्होंने गत वर्ष की अधूरी घोषणाओं को भी शीघ्र पूर्ण करने पर जोर दिया और विभागीय कार्ययोजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए।

### प्रमुख मंदिरों में ऑनलाइन आरती दर्शन की तैयारीः

मंत्री कुमावत ने प्रदेश के प्रमुख मंदिरों में सुबह-शाम की आरती के ऑनलाइन दर्शन की सुविधा शुरू करने के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए, ताकि श्रद्धालु घर बैठे दर्शन कर सकें। बैठक में देवस्थान विभाग की शासन सचिव शुचि त्यागी, आयुक्त एल.एन. मंत्री, अतिरिक्त आयुक्त गितेश मालवीय, उप सचिव आलोक सैनी, एडीसी जयपुर प्रथम रतनलाल योगी सहित आईआरसीटीसी, पर्यटन, चिकित्सा एवं अल्पसंख्यक मामलात विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## युवाओं को सनातन की वैज्ञानिकता बताएः देवनानी

## सनातन संवाद में मंदिर प्रबंधन, सामाजिक व्यवस्था व जनजागरण पर व्यापक मंथन




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि युवाओं को सनातन की वैज्ञानिकता बताएं। रामायण और गीता के अध्ययन के लिए युवाओं को प्रेरित करें। सनातन पर गहन मंथन के साथ व्यावहारिक पहल की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सनातन के माध्यम से सभी समाजों को जोडे। देवनानी ने सनातन संवाद को सामायिक विषय बताया और कहा कि सनातन शाश्वत है, इसलिए इस संवाद को अनन्त रखा जाये। सनातन को कोई खत्म नहीं कर सका है और न ही कोई कर सकेगा। स्पीकर देवनानी ने कहा कि सामूहिक प्रयासों से सनातन बढेगा। देवनानी ने संस्कृति युवा संस्था की ओर से आयोजित सनातन संवाद का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया।राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि सनातन संस्कृति व सामाजिक व्यवस्था, समाज-परिवार व्यवस्था और वर्तमान समय में सनातन मूल्यों की प्रासंगिकता, सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक संरक्षण एवं जनजागरण जैसे मुद्दों पर गहन चर्चा की आवश्यकता है। समारोह के मुख्य अतिथि स्पीकर देवनानी ने कहा कि सनातन संस्कृति हमारी पहचान और समाज की आधारशिला है। इसे सशक्त बनाए रखने के लिए संवाद, जागरूकता और समाज की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। ऐसे संवाद समाज को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरूण चतुर्वेदी ने कहा कि गृहस्थ परंपरा से संचालित मंदिर आज भी समाज में एक सशक्त, जीवंत और अनुकरणीय व्यवस्था के रूप में कार्य कर रहे हैं। परिवार आधारित सेवा परंपरा में श्रद्धा, उत्तरदायित्व, निरंतरता और पारदर्शिता का संतुलित समन्वय देखने को मिलता है, जो मंदिरों को समाज से सीधे जोड़ता है। सनातन संवाद के आयोजक और संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा ने कहा कि समाज में संवाद और समन्वय की आवश्यकता है। राज्य में आज अनेक स्थानों पर गृहस्थ/परिवार आधारित सेवा परंपरा सफलतापूर्वक संचालित हो रही है। संवाद में उपस्थित विद्वानों व वक्ताओं ने कहा कि आज के समय में समाज को जोड़ने और सकारात्मक दिशा देने के लिए ऐसे मंचों की अत्यंत आवश्यकता है। संवाद के माध्यम से ही हम परंपरा और आधुनिकता के बीच संतुलन स्थापित कर सकते हैं। कार्यक्रम संयोजक पंडित राजकुमार चतुर्वेदी ने बताया कि सनातन संवाद को आगे बढ़ाते हुए प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी इसी प्रकार के संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक पहुँच बनाकर व्यापक जनजागरण अभियान चलाया जाएगा, जिससे सनातन विचारधारा, संस्कृति और सामाजिक मूल्यों के प्रति जागरूकता को और अधिक सुदृढ़ किया जा रहा है। संस्कृति युवा संस्था के संरक्षक एच.सी. गणेशिया ने कहा कि सनातन संवाद केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक सतत विचार प्रक्रिया है। इसका उद्देश्य समाज में जागरूकता, समन्वय और सकारात्मक परिवर्तन लाना है। इस अवसर पर आचार्य संत श्री राम रिछपाल दास त्रिवेणी धाम, संत श्रीधन्ना पीठाधीश्वर बजरंग देवाचार्य, संत समाज के अध्यक्ष सियाराम दास, शुक्र सम्प्रदाय आचार्य अलबेली माधुरी शरण, पंच खंड पीठाधीश्वर स्वामी सोमेन्द्र, स्वामी मोनू अमरापुर, खोले के हनुमान जी के बी एम शर्मा, आचार्य राजेश्वर, महेन्द्र चौहान खादू धाम व स्वामी योगेन्द्रनाथ, ज्योति खंडेलवाल, पुनीत कर्णावट उपस्थित रहे और सभी ने अपने विचार साझा कि।

## सचिन पायलट पर टिप्पणी को लेकर कांग्रेस का विरोध, टोंक में आक्रोश

### इस प्रकार की टिप्पणी स्तरहीन और सस्ती लोकप्रियता हासिल करने का प्रयास है - माया सुवालका



जयपुर टाइम्स

**टोंक(कास)।** भाजपा राजस्थान के प्रभारी राधा मोहन अग्रवाल द्वारा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं टोंक विधायक, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट को लेकर की गई कथित टिप्पणी पर कांग्रेस नेताओं ने कड़ा एतराज जताया है। पार्टी पदाधिकारियों का कहना है कि टोंक से 'बाहरी प्रत्याशी' कहकर की गई टिप्पणी न केवल अशोभनीय है, बल्कि इससे स्थानीय मतदाताओं और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भी नाराजगी देखी जा रही है। कांग्रेस की प्रदेश सचिव एवं जिला सह प्रभारी (अलवर) माया सुवालका ने बयान जारी कर कहा कि इस प्रकार की टिप्पणी स्तरहीन और सस्ती लोकप्रियता हासिल करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि प्रभारी को चुनाव आयोग की प्रक्रिया और प्रत्याशी की योग्यता संबंधी संवैधानिक प्रावधानों की जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारतीय संविधान के अनुसार कोई भी भारतीय नागरिक देश के किसी भी क्षेत्र से चुनाव लड़ सकता है। इस प्रकार की बयानबाजी लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है और इससे राजनीतिक माहौल प्रभावित होता है। कांग्रेस पदाधिकारियों ने इस बयान की निंदा करते हुए भाजपा से जिम्मेदार बयानबाजी की अपेक्षा की है। साथ ही चेतावनी दी कि यदि इस प्रकार की टिप्पणियां जारी रहीं, तो पार्टी कार्यकर्ता विरोध दर्ज कराने के लिए बाध्य होंगे।

## चिकित्सकों और कार्मिकों ने मिलकर चलाया विशेष अभियान

जयपुर टाइम्स



**मंडावा(निस)।** भीषण गर्मी के इस दौर में जहां इंसानों के साथ-साथ पक्षियों के लिए भी पानी और भोजन की समस्या गहराती जा रही है, वहीं आयुष चिकित्सालय मांडव द्वारा एक सराहनीय पहल करते हुए पक्षियों की सेवा हेतु विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत चिकित्सालय परिसर में पेड़ों पर परिंदे (पानी के पात्र) बांधे गए तथा चुग्गा पात्र भी विभिन्न स्थानों पर रखे गए, ताकि पक्षियों को आसानी से पानी और दाना उपलब्ध हो सके। इस मौके पर आयुर्वेद, होम्योपैथिक और यूनानी विभाग के चिकित्सकों, जनता क्लिनिक के स्टाफ तथा अन्य कार्मिकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सभी ने मिलकर न केवल परिंदे लगाए, बल्कि नियमित रूप से उनमें पानी और दाना भरने का संकल्प भी लिया। चिकित्सकों ने बताया कि गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए पानी की अत्यधिक आवश्यकता होती है। ऐसे में यह छोटा सा प्रयास उनके जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने पक्षियों की सेवा को श्रेष्ठ पुण्य कार्य बताते हुए आमजन से भी अपील की कि वे अपने घरों, छतों और आसपास के स्थानों पर पानी और दाना अवश्य रखें। इस अभियान में डॉ. अनीता चौधरी (प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, आयुर्वेद), डॉ. विकास कुमार (चिकित्सा अधिकारी, आयुर्वेद), डॉ. इंदु (चिकित्सा अधिकारी, आयुर्वेद), डॉ. पूनम (चिकित्सा अधिकारी, होम्योपैथिक), डॉ. सिकंदर अली (चिकित्सा अधिकारी, यूनानी) सहित सुनीता कुमारी, अमन बुडानिया, आशीष कुमार शर्मा, राजेश कुमावत, विकास कुमार, मनोज रेवारी, एकता गुर्जर, अशोक कुमार, कृष्णा, मोहित तथा पर्यावरण प्रेमी व पक्षी मित्र संजय शर्मा सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी सदस्यों ने यह संदेश दिया कि प्रकृति और जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता ही मानवता की सच्ची पहचान है। इस प्रकार के छोटे-छोटे प्रयास न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक होते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक सोच और सेवा भाव को भी बढ़ावा देते हैं। अंत में सभी ने संकल्प लिया कि वे नियमित रूप से इस अभियान को जारी रखेंगे और अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़कर पक्षियों की सेवा के इस पुनीत कार्य को आगे बढ़ाएंगे।

### जयपुर में निगम की सख्त कार्रवाईः 44 हजार कैरिंग चार्ज वसूला, 16 कैंटर सामान जब्त

**जयपुर(कास)।** नगर निगम जयपुर की सतर्कता शाखा ने शहर में अस्थायी अतिक्रमण के खिलाफ मंगलवार को व्यापक अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान अतिक्रमणकारियों से 44 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूला गया और 16 कैंटर सामान जब्त कर निगम के गोदाम में भिजवाया गया। यह कार्रवाई नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा के निर्देश पर तथा पूर्व में प्राप्त शिकायतों के आधार पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में की गई। अभियान के तहत शिव नगर नांगल पुलिया, 60 फीट रोड सूर्य नगर गोपालपुरा बाईपास, पटेल नगर गोखले मार्ग मानसरोवर, न्यू सांगानेर रोड स्थित किड्स पब्लिक स्कूल के पास, बरकत नगर, मनोहरपुरा व मयूर विहार जगतपुरा, आरटीओ ऑफिस, लालकोठी मंडी तथा जेएलएन मार्ग स्थित फोर्टिस अस्पताल सहित विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई की गई।

### शहीद सैनिक के पुत्र को अनुकम्पा नियुक्ति, जयपुर कलेक्ट्रेट में कनिष्ठ सहायक पद पर ज्वाइन

**जयपुर(कास)।** राज्य सरकार की संवेदनशील नीतियों के तहत जयपुर जिला प्रशासन ने शहीद सैनिक के परिवार को संबल प्रदान करते हुए एक सराहनीय पहल की है। राजस्थान सेवा (शहीद सैनिकों के आश्रितों को अनुकम्पात्मक नियुक्ति) नियम, 2022 के अंतर्गत स्वर्गीय सैनिक श्री सतीष कुमार राव के पुत्र नवीन कुमार को कनिष्ठ सहायक के पद पर नियुक्ति प्रदान की गई है। झुंझुनूं जिले की बुहाना तहसील के घरडाना खुर्द निवासी नवीन कुमार को जिला कलक्टर कार्यालय, जयपुर में पदस्थापित किया गया है। नियुक्ति आदेश जारी होने के बाद उन्होंने 27 अप्रैल को कलेक्ट्रेट पहुंचकर विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया। यह नियुक्ति न केवल शहीद सैनिक के परिवार के प्रति सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाती है, बल्कि यह संदेश भी देती है कि देश की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों के परिजनों के साथ सरकार हर कदम पर खड़ी है।

**कार्यालय नगरपरिषद् चूरू (राजस्थान)**

क्रमांक : न.प./चूरू/स्टोर शाखा/2026–27/21765035 दिनांक : 24.04.2026

**ई–निविदा सूचना 07 वर्ष 2026–27**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से नगरपरिषद, चूरू द्वारा 01 कार्य की निविदा आईडी नम्बर **DLB2627A0903** आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.raj.nic.in पर तथा कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगरपरिषद चूरू के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकता है। **UBN NO. DLB2627SLOB02555**

राज.संवाद/सी/26/1676 आयुक्त, नगरपरिषद् चूरू

**कार्यालय नगरपरिषद् चूरू (राजस्थान)**

क्रमांक : न.प./चूरू/स्टोर शाखा/2026–27/21792525 दिनांक : 24.04.2026

**निविदा सूचना 06 वर्ष 2026–27**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से नगरपरिषद, चूरू द्वारा 01 कार्य हेतु उपयुक्त सद्व्यवहार संस्थाओं/अधिकृत डीलर से मोहरबन्द निविदा आईडी नम्बर **DLB2627A0898** आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाइट www.sppp.raj.nic.in पर तथा कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगरपरिषद चूरू के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है। **UBN NO. DLB2627GSOB02552**

राज.संवाद/सी/26/1675 आयुक्त, नगरपरिषद् चूरू

## भालेरी में ग्राम रथ का भव्य स्वागत, लोक कलाकारों ने योजनाओं का संदेश पहुंचाया



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** राज्य सरकार की ओर से संचालित ग्राम-2026 अभियान के तहत जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए रवाना किया गया ग्राम रथ सोमवार को तारानगर विधानसभा क्षेत्र के भालेरी गांव पहुंचा, जहां अधिकारियों व ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया। ग्राम रथ का उद्देश्य किसानों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करना और सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना है। उपखंड अधिकारी राजेन्द्र कुमार ने इस अवसर पर ग्रामीणों से ग्राम-2026 अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने और योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान लोक कलाकार टीम लीडर दरियानाथ के नेतृत्व में राजस्थानी लोक कला की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं। कलाकारों ने सांस्कृतिक माध्यम से सरकारी योजनाओं का संदेश प्रभावी ढंग से ग्रामीणों तक पहुंचाया, जिससे लोगों में जागरूकता बढ़ी। इस मौके पर विकास अधिकारी अशोक कुमार, प्रगति प्रसार अधिकारी अंकित चारण, सहायक कृषि अधिकारी रामजस टाक, राजेश कस्वां, अजीत सिंह राठौड़, निजी सहायक कमल सैनी, कनिष्ठ सहायक मुकेश नायक, रविन्द्र सिंह, सहायक कृषि अधिकारी ओमप्रकाश सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## समय पर कार्य आदेश जारी करने की मांग



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा को अजय ढ़ेनवाल ने एक ज्ञापन सौंपकर निविदाओं को समय पर खोले जाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि नगरपरिषद की सफाई शाखा में विभिन्न कार्यो के लिए ई निविदा जारी की गई थी। वितीय वर्ष के मुताबिक कार्य आदेश 1 अप्रेल से पहले ही जारी हो जाना चाहिए था, लेकिन कुछ कार्यों की तकनीकी बीड खोले जाने के बाद भी आज तक वितीय बिड नहीं खोली गई है। ज्ञापन में बताया गया है कि यदि निविदा यदि खोलनी ही नहीं है, तो निविदा जारी क्यों की जाती है। ऐसे में राज्य सरकार को राजस्व की हानि भी हो रही है। अतः ई निविदा को अविलम्ब खुलवाया जाए।

## सामाजिक जागृति के लिए शिक्षकों का सम्मान जरूरी



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बहादुरवास में मंगलवार को स्टाफ व ग्रामीणों की ओर से शिक्षक क्रमशः संजीव कुमार जानू, उर्मिला जानू, कविता आदि का उनकी उत्कृष्ट व उल्लेखनीय सेवाओं के लिए स्टाफ सदस्यों व ग्रामीणों की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्या संतरा मंगावा ने की। इस दौरान वक्ताओं ने कहा की सामाजिक जागृति के लिए शिक्षकों का सम्मान अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि शिक्षक न केवल ज्ञान का प्रसार करते हैं, बल्कि समाज के लिए नैतिक मूल्यों, चरित्र और बेहतर भविष्य का निर्माण भी करते हैं। वे समाज में सकारात्मक बदलाव के उत्प्रेरक हैं, जो नई पीढ़ियों को जिम्मेदारी और सही-गलत की समझ सिखाते हैं। कार्यक्रम में व्याख्याता सुनीता राव, व्याख्याता मीनाक्षी, व.अ.कपिल गर्वा, दिलीप सिंह मील, राकेश पूनिया, नविता कुमारी, बंटी मीना, सुभाष चंद्र, धीरज सोढ़ा, विकास जानू, महेश कुल्हरी, प्रियंका मील, अविचल जांगिड़, प्रिती, मोनिका ने साफा, शाल व उपहार देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्या संतरा मंगावा ने इन तीनों कार्मिकों को इनकी उत्कृष्ट सेवाओं और विद्यालय में योगदान के लिए सम्मानित किया व धन्यवाद दिया।

## सुलभ शौचालय दुरुस्त करने की मांग

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष मोहनलाल सैनी की अगुवाई में मंगलवार को मण्डावा नगर पालिका ईओं को सुलभ शौचालय का कनेक्शन सीवरेज लाइन में करवाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन में अवगत कराया है कि सुभाष चौक स्थित सुलभ शौचालय का गंदे पानी का नाला सीधा खुले नाले में खुलता है जिससे व्यापारी और आमजन



काफी परेशानियों का सामना कर रहे है और असहनीय बदबू से बीमारी आदि फैलने का डर है। उक्त शौचालय का गेट भी टूटा हुआ है और सफाई बिलकुल भी नहीं की जाती हैं। इस दौरान पूर्व पार्षद संदीप परिहार व अयूब खत्री आदि मौजूद रहे।

# नि :शुल्क मोतियाबिंद लैंस प्रत्यारोपण शिविर में 140 मरीजों की जांच

### 37 का ऑपरेशन के लिए किया चयन

जयपुर टाइम्स




**चूरू(निस)।** स्थानीय विश्वकर्मा मंदिर में अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा जिला सभा चूरू व श्री विश्वकर्मा मंदिर प्रबंध समिति चूरू के तत्वाधान में बजरंग लाल जांगिड़ ढ़ाढ़र वाले की स्मृति में उनके पुत्र बालूराम जांगिड़ के आर्थिक सौजन्य से मंगलवार को सर्व समाज के लिए निःशुल्क मोतियाबिंद जांच व लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर की डॉ. तानिया के नेतृत्व में मरीजों की आंखों की जांच कर उचित परामर्श दिया गया। इस दौरान नर्सिंग स्टाफ अनीता यादव, नवजोत रमनप्रीत, करण सिंह ने बीपी व शुगर की जांच की। शिविर प्रभारी बैजूराम राजोतिया ने बताया कि इस शिविर में 140 मरीजों की आंखों की जांच की गई, जिसमें 37 मरीजों का ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। मरीजों को बस से जयपुर के शंकरा आई हॉस्पिटल में मंगलवार को भर्ती करवाकर बुधवार को इनका निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। इस दौरान अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा व श्री विष्वकर्मा मंदिर प्रबंध समिति की ओर से डॉक्टरों की टीम का दुपट्टा पहनाकर व प्रतीक चिन्ह् प्रदान कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर मंदिर के अध्यक्ष झुमरमल राजोतिया, जिलाध्यक्ष नीरज रोलीवाल, जिला महामंत्री बुद्धरमल सिलक, जिला कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश राजोतिया, शिविर सह प्रभारी मनोज जांगिड़ ढ़ाढ़र वाले, लीलाधर राजोतिया, शंकर लाल खंडेलवाल, प्रकाश राजोतिया, राधेश्याम बधानिया, हरिकिशन जांगिड़, सीताराम रोलीवाल, भंवरलाल सावलोदिया, डॉ. अशोक जांगिड़, भीमाराम, बजरंग लाल धामू, मनीष, विकास, महावीर प्रसाद, प्रभु दयाल राजोतिया, विक्रम राजोतिया, पवन रोलीवाल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। शिविर प्रभारी बैजूराम राजोतिया ने आगंतुकों व भामाशाह का आभार व्यक्त किया।

# राजस्व निरीक्षक पर भ्रष्टाचार के लगाए आरोप, एपीओ करने की मांग

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** पूर्व सभापति व विधानसभा चुनाव प्रत्याशी बाबूलाल कुलदीप ने नगरपरिषद के राजस्व निरीक्षक मुनालाल मीणा को एपीओ करने की मांग पूर्व नेता प्रतिपक्ष विधानसभा राजेंद्र सिंह राठौड़ को ज्ञापन देकर की है। ज्ञापन में बताया गया है कि मुनालाल मीणा की पदोन्नति नाकेदार से राजस्व अधिकारी के पद पर की गई थी, जो गलत है। ज्ञापन में बताया गया है कि 3 साल बीत जाने के बाद भी नगरपरिषद के राजस्व में इजाफा नहीं हुआ है, क्योंकि मीणा की रूचि सफाई निरीक्षक के कार्य में ज्यादा रही है। कुलदीप ने आरोप लगाया कि पिछली बरसात के बाद आई आपदा में मीणा की ओर भ्रष्टाचार किया गया और एक दो लोगों के साथ पर्दे के पिछे रहते हुए ठेकेदारी की गई। पेट्रोल व डीजल वितरण कार्य में भी भ्रष्टाचार किया गया। जबकि सफाई निरीक्षक ओमप्रकाश स्वामी को दबाव में रखा जाता है और फोटो कोपी का एक टेंडर भी इनके बेटे के पास है। ज्ञापन में पिछले 25 सालों से सुजानगढ़ में बैठे राजस्व निरीक्षक मुन्नालाल मीणा को एपीओ करने की मांग की गई है। यह ज्ञापन राजेंद्र सिंह राठौड़ की ओर से स्वायत शासन विभाग को भेजा गया, जिस पर स्वायत शासन विभाग के सतर्कता सहायक निदेशक विनोद कुमार ने नगरपरिषद सुजानगढ़ के आयुक्त को यह ज्ञापन भेजकर दो दिनों में रिपोर्ट करने के लिए कहा है। दूसरी ओर आरोपों का जवाब देते हुए राजस्व निरीक्षक मुन्नालाल मीणा ने बताया क इस शिकायत का मैंने डीएलपी के सतर्कता सहायक निदेशक के समक्ष जवाब दाखिल कर दिया है। मीणा ने अपने जवाब में बताया है कि मेरी पदोन्नति विधि के अनुरूप हुई है। जबकि सफाई निरीक्षक का कार्य शहर हितों को ध्यान में रखकर मुझे बार-बार दिया जाता है, जबकि इसमें मेरी कोई रूचि नहीं है। मीणा ने बताया कि मेरे पारिवारिक सदस्य के नाम से कोई टेंडर नहीं है।

### इनका कहना है:

राजस्व निरीक्षक मुन्नालाल मीणा ने बताया कि काफी सालों से निष्ठा व ईमानदारी के साथ कार्य कर रहा हूं। अगर में भ्रष्टाचार करता तो, राष्ट्रीय पर्व पर मुझे सम्मानित क्यों किया जाता। मेरे परिवार के किसी सदस्य के नाम से कोई टेंडर नहीं है। भ्रष्टाचार के आरोप मिथ्या व निराधार हैं। कार्यवाहक आयुक्त गिरधारीलाल ने बताया कि संस्थापन में जांच के लिए पत्रावली दी है, पत्रावली संधारित की जा रही है। जांच के दौरान आरोपों पर जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनकी रिपोर्ट डीएलबी भेजी जाएगी।

## आज से शुरू होगी जनगणना की ट्रेनिंग

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** जनगणना को लेकर स्थानीय राजकीय पीसीबी स्कूल में बुधवार से प्रगणकों और सुपरवाईजर्स की ट्रेनिंग होगी। जनगणना के लिए सुजानगढ ग्रामीण का इंचार्ज तहसीलदार सुजानगढ़ गिरधारीलाल पारीक को, शहर का इंचार्ज नगरपरिषद की सहायक अभियंता सुश्री चारवी को, छापर के लिए अधिशाषी अधिकारी भवानी शंकर व्यास को इंचार्ज बनाया गया है। तहसीलदार सुजानगढ गिरधारीलाल पारीक ने बताया कि प्रगणकों व सुपरवाईजर्स की ट्रेनिंग के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और इसके लिए पीसीबी स्कूल में 7 कमरे आरक्षित किए गए हैं। कुल मिलाकर 601 प्रगणकों व सुपरवाईजर्स को ट्रेनिंग दी जाएगी और एक व्यक्ति की ट्रेनिंग तीन दिनों तक चलेगी। कुल 15 बैच में होने वाली ये ट्रेनिंग 9 मई तक चलेगी, जिसमें कुल 10 ट्रेनर प्रशिक्षण देने का कार्य करेंगे। रोज प्रातः साढ़े नौ बजे शुरू होने वाला यह प्रशिक्षण शाम के 6 बजे तक चलेगा।

## स्काउट गाइड संघ का प्रशिक्षण शिविर शुरू, शिक्षक स्वामी ने रंगीन प्रिंटर किया भेंट

जयपुर टाइम्स




**सरदारशहर(निस)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय चूरू के निर्देशानुसार स्थानीय संघ सरदारशहर के तत्वाधान में सात दिवसीय स्काउट गाइड यूनिट लीडर बेसिक कोर्स का आयोजन सेठ बुधमल राजकीय महाविद्यालय में किया जा रहा है। शिविर में मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुभाष चंद्र सोनगरा, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ कविता शर्मा, डॉ सुनीता मीणा, सहायक आचार्य समाजसेवी शिक्षक गोविंद लाल स्वामी आदि ने संभागियों को संबोधित किया। इस अवसर पर सेवानिवृत शिक्षक गोविंद लाल स्वामी ने स्थानीय संघ को रंगीन प्रिंटर भेंट किया। स्वामी ने कहा कि जब-जब भी स्थानीय संघ को मेरी आवश्यकता होगी मैं तन मन धन से सहयोग करता रहूंगा। इस अवसर पर डॉ शर्मा ने कहा कि स्काउट गाइड प्रकृति प्रेमी होता है एवं पशु पक्षियों का मित्र भी होता है। सोनगरा ने कहा कि स्काउटिंग का मुख्य ध्येय समाज सेवा राष्ट्र सेवा है। स्काउट गाइड हमेशा देश सेवा के लिए तैयार रहता है। संघ के सचिव बाबूलाल स्वामी ने बताया कि शिविर में 45 अध्यापक व अध्यापिकाएं स्काउट गाइड युनिट लीडर बेसिक कोर्स का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। शिविर संचालक शब्बीर खान, प्रशिक्षक मनीराम स्वामी, सुरेशचंद्र शर्मा, रतन लाल घींटाला, सुरेश कुमार घोटड़, विनोद मीणा, शिवराज चारण, राजेश बसेरा, विनोद कुमार नानवाल, गोविंद प्रसाद गौड़, गाइड विभाग में शिविर संचालिका रीटा गहलोत, सरोज पारीक, निशा माली, इंदुबाला वर्मा, सुनीता स्वामी आदि दक्ष प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न विषयों जैसे ध्वज शिष्टाचार, प्राथमिक सहायता, विभिन्न प्रकार की गांठे खोज के चिन्ह, अनुमान लगाना, ड्रिल दिशा, ज्ञान आदि का प्रशिक्षण दिया गया। संचालक शिविर शब्बीर खान ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## गर्भपात की टेबलेट के गबन को लेकर सोसायटी सदस्यों की बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय डी.बी. अस्पताल में मंगलवार को मेडिकल रिलीफ सोसायटी के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में गर्भपात की 15000 से अधिक टेबलेट के गबन के प्रकरण को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान सोसायटी के सदस्य रघुनाथ खेमका, पीपुल यूनिटी संस्थान के सचिव इंजी. सुरेश शर्मा व अन्य कार्यकारिणी सदस्यों ने गत दिनों डी.बी. अस्पताल के लेबर रूम में गर्भपात में काम आने वाली 15000 टेबलेट के गमन के प्रकरण को लेकर अस्पताल अधीक्षक डॉ. दीपक चौधरी से वार्ता कर उसका फीडबैक लिया। विस्तृत चर्चा के बाद यह सामने आया कि दवाइयां तो मिसिंग हुई है, चौधरी ने बताया कि सतर्कता समिति ने अपनी रिपोर्ट पहले ही अधीक्षक कार्यालय में भेज दी थी, जिसमें दवाइयां गायब होने की बात कही गई है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत पाटन पं.स. पाटन (सीकर)**

क्रमांक : | दिनांक :

**ई-निविदा / खुली बोली सूचना - 01/2026-27**

ग्राम पंचायत के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तिय वर्ष 2026-27 में घर-घर कचरा एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानो से कचरा संग्रहण एवं प्रथक्करण, गांवो की सडक एवं नाली सफाई कार्य की सेवाओं हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 व ग्रामीण विकास एवं पचायतीराज विभाग (अनुभाग - 5) की गाईडलाईन अनुसार इच्छुक बोलीदाता / संवेदक / फर्म जो कि वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत हो, से दिनांक 08.05.2026 को दोपहर 1.00 बजे तक खुली बोली / ई निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत सूचनाएं एवं शर्ते वेबसाईट https//eproc.rajasthan.gov.in & https//sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No. PKP2627WSOB00029

प्रशासक
ग्रा.पं. पाटन

ग्राम विकास अधिकारी
ग्रा.पं. पाटन


## पंचायतों के लिए रवाना किया ग्राम रथ

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राजस्थान सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की ग्रामीण क्षेत्रों में जानकारी देने के लिए ग्राम रथ को पंचायत समिति मुख्यालय से रवाना किया गया है। पंचायत समिति से निवर्तमान प्रधान मनभरी देवी मेघवाल, प्रशासक ओमप्रकाश वर्मा, विकास अधिकारी मुकेश कुमार यादव ने हरी झंडी दिखाकर ग्राम रथ को रवाना किया। सहायक विकास अधिकारी रामानंद फलवाड़िया ने बताया कि यह ग्राम रथ 14 मई तक विधानसभा क्षेत्र की प्रत्येक पंचायत में जाकर विकास कार्यो व लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देगा।


राजस्थान सरकार

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता एवं पदेन परियोजना प्रबंधक वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर, चूरू**

(जिला परिषद परिसर, चूरू - 331001 )

E-mail- sewdsc.churu@rajasthan.gov.in, Phone: 01562-254494

क्रमांक :एफ1()/अ.अ/ डब्ल्यूसीडीसी / लेखा / 2026-27/112 दिनांक : 23/04/26

**ई - निविदा सूचना संख्या-06 / 2026-27**

राजस्थान राज्यपाल महोदय की ओर से मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.0 द्वितीय चरण के तहत स्वीकृत परियोजना क्षेत्र में करवाये जाने वाले विभिन्न कार्य हेतु जिला चूरू में स्वीकृत कार्यों हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसरण में राज्य सरकार के सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वा. एवं अभि. विभाग, सिचिंत क्षेत्र विकास एवं केन्द्रीय सरकार के अभियांत्रिकी विभाग में पंजिकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न सक्षम श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा दिनांक 04.05.2026 को सांय 05.00 बजे तक ऑन लाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। कार्य का विस्तृत विवरण http//sppp.rajasthan.gov.in http// eproc. rajasthan.gov.in वेबसाईट पर देखा जा सकता है ।

NIB CODE :- WSC2627A0105

UBN NO :- WSC2627WSOB00163

(रमेश कुमार मीणा)
अधीक्षण अभियन्ता एवं परियोजना प्रबंधक
वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर, चूरू

DIPR/C/7504/2026



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DN RATANGARH**

No:- 147-15b Date: 23-04-2026

**Notice Inviting Bid No 01/2026-27**

Bids for 04 (Four Nos) work are invited from interested bidders upto 06.00 PM dated 11.05.2026 other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http:// eproc. rajasthan. gov.in/http://sppp.raj.nic.in) of the state and PWD department website. The approximate value of the procurement is Rs. 46.39 Lacs

NIB No PWD 2627 A0214

1. UBN No:-
1. PWD2627WSOB00946
2. PWD2627WSOB00947
3. PWD2627WSOB00948
4. PWD2627WSOB00949

Executive Engineer
PWD Dn. Ratangarh

DIPR/C/7504/2026



राजस्थान सरकार

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता एवं पदेन परियोजना प्रबंधक वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर, चूरू**

(जिला परिषद परिसर, चूरू- 331001 )

E-mail- sewdsc.churu@rajasthan.gov.in, Phone: 01562-254494

क्रमांक: एफ1()/अ.31/डब्ल्यूसीडीसी/लेखा/2026-27/113 दिनांक : 23/04/2026

**ई-निविदा सूचना संख्या-07 / 2026-27**

राजस्थान राज्यपाल महोदय की ओर से प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजना क्षेत्र में करवाये जाने वाले विभिन्न कार्य हेतु जिला चूरू में स्वीकृत कार्यों हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसरण में राज्य सरकार के सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वा. एवं अभि विभाग, सिचिंत क्षेत्र विकास एवं केन्द्रीय सरकार के अभियांत्रिकी विभाग में पंजिकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न सक्षम श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा दिनांक 04.05.2026 को सांय 05.00 बजे तक ऑन लाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। कार्य का विस्तृत विवरण http//sppp.rajasthan.gov.in, http// eproc. rajasthan.gov.in वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

NIB CODE:- WSC2627A0117

UBN NO :-
WSC2627GLOB00183
WSC2627GLOB00184
WSC2627GLOB00185
WSC2627GLOB00186

(रमेश कुमार मीणा)
अधीक्षण अभियन्ता एवं परियोजना प्रबंधक
वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर, चूरू

DIPR/C/7484/2026



**Water Resources Department**
**Office of the Executive Engineer, Water Resources Division Jaipur**

Tel. & Fax No. 0141-2203696 E-Mail- eejpr.wr@rajasthan.gov.in

No. :408 Dated:- 23.04.2026

**TENDER NO. 01 Year 2026-27**

On behalf of Govt. of Rajasthan Tender No. 01 Year 2026-27 are invited from eligible contractor for the works of Repair and General Maintenane, AC, Water Cooler Garden etc. are Rs. 31.32 Lacs. The details are available on following websites :
www.dipr.rajasthan.gov.in
www.sppp.rajasthan.gov.in

UBN
WRD2627SSOB00034 WRD2627SSOB00035
WRD2627SSOB00036 WRD2627SSOB00037
WRD2627SSOB00038 WRD2627GSOB00039
WRD2627SSOB00040 WRD2627SSOB00041
WRD2627WSOB00042

(Anil Thalor)
Executive Engineer
Water Resources
Division Jaipur

DIPR/C/7479/2026



राजस्थान सरकार

**कार्यालय, उपनिदेशक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, चूरू (राज0)**

E-mail-iti churu@yahoo.co.in Phone & Fax No-01568-274299

क्रमांक: - औप्रस / टेण्डर / 2026 / 922 दिनॉक:- 23-4-2026

**-: प्रकाशन का विवरण :-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के IT LAB आईडीएफ योजनान्तर्गत हेतु DESKTOP COMPUTER, CPU AND UPS (03) के लिए मोहरबंद निविदा (NIB NO. TET2627A0015 and BID NO.TET 26275GSOB00016 आमंत्रित की जाती है। निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि 08.05.2026 है तथा निविदा एवं अन्य शर्तें sppp web portal पर डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है

उपनिदेशक
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चूरू

DIPR/C/7448/2026

# धौलपुर में विकास रथों को हरी झंडी, 15 दिन गांव-गांव पहुंचेंगी योजनाएं

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** ग्रामीण क्षेत्रों में जनकल्याणकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने और आमजन को शासन से सीधे जोड़ने के उद्देश्य से जिले में विकास रथ अभियान की शुरुआत की गई। जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी एवं जनप्रतिनिधियों ने विकास रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह विकास रथ आगामी 15 दिनों तक जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों—धौलपुर, बाड़ी, बसेड़ी एवं राजाखेड़ा—के ग्रामीण इलाकों में भ्रमण कर 13 विभागों की योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुंचाएंगे। रथों के माध्यम से आमजन को योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही उनका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा। जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी ने बताया कि कृषि, किसान और गांव की मजबूती आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला है। राज्य सरकार इसी सोच के साथ ग्रामीण व किसान सशक्तिकरण की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इस अभियान की विशेषता यह है कि विकास रथों में सुझाव पेटिका भी रखी गई है, जिससे आमजन अपनी समस्याएं व सुझाव सीधे सरकार तक पहुंचा सकेंगे। उन्होंने बताया कि रथों के साथ अधिकारियों की टीम तैनात रहेगी, जो राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन 181 पर प्राप्त शिकायतों का मौके पर ही त्वरित निस्तारण करेगी, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही को मजबूती मिलेगी।

जिला कलक्टर ने बताया कि 'ग्राम-2026' जैसे आयोजनों के माध्यम से कृषि क्षेत्र को नई दिशा देने का प्रयास किया जा रहा है। इसमें कृषि उत्पादन, आधुनिक तकनीक, फूड प्रोसेसिंग, बागवानी एवं पशुपालन से जुड़े विशेषज्ञों, उद्योगों और किसानों को एक मंच पर लाकर नवाचार को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाएं—किसान सम्मान निधि, फसल बीमा, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, स्वामित्व योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)—आमजन के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

जनप्रतिनिधियों ने इस पहल को ग्रामीण विकास की दिशा में मील का पत्थर बताते हुए कहा कि इससे जागरूकता के साथ योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित होगा। इस दौरान प्रचार फोल्डर का विमोचन भी किया गया।

इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए.एन. सोमनाथ, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी बबलीराम जाट, डॉ. शिवचरण कुशवाह, मुकेश सक्सैना, नंदकिशोर शुक्ला, डॉ. मनोज शर्मा, हरेंद्र राव, लोकेन्द्र सिंह, नेहा राघव, बृजमोहन शर्मा, रामकिशोर शर्मा, लोकेन्द्र सिंह चौहान, के.के. शर्मा, रामकुमार कुशवाह, दिग्विजय राजावत सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### इन क्षेत्रों में होगा प्रचार-प्रसार

प्रशासन के अनुसार 29 अप्रैल को बाड़ी विधानसभा के ग्राम जारौली, मालौनी पंवार, नंदपुरा, बसईनवाब; धौलपुर के खेड़ा, बसई सामंता, नरपुरा; बसेड़ी के चिलाचौंद, आंगई, पिपरैठ, रहरई तथा राजाखेड़ा के टांडा, कल्यानपुर, हिनौता, दयेरी में रथ पहुंचेंगे। इसी प्रकार 30 अप्रैल को बाड़ी के शाहपुर, नगला हरलाल, भदियाना, नगला खरगपुर; धौलपुर के नैनोखर, बरा, कोलुआ; बसेड़ी के सुनकई, बरौली, बटीकरा, सुरारी कलां तथा राजाखेड़ा के बोथपुरा, सिजरौली, बरैठा, मांगरोल में प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

## विहिप-बजरंग दल ने की बेशकीमती भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** विश्व परिषद हिंदू-बजरंग दल व श्री वीर बजरंग अखाड़ा ने जिला कलक्टर के नाम उपखण्ड अधिकारी अजित सिंह राठौड़ को ज्ञापन सौंप कर एक पत्रकार पर अतिक्रमण का आरोप लगाते हुए शीघ्र अतिक्रमण हटाने की मांग की गई। ज्ञापन में आरोप लगाया कि पत्रकार की ओर से प्रगति नगर के सामने स्थित खसरा नंबर 2013/243 रकबा 01538 जो कि बिलानाम भूमि दर्ज हैं। पूर्व में यहां व्यायामशाला का कब्जा होकर उक्त आराजीयात का अखाड़ा के रूप में उपयोग- उपभोग किया जाता था। उक्त जगह पर पत्रकार की ओर से पक्का निर्माण करवा कर खुद के नाम की पट्टिका लगा दी गई हैं। साथ ही ज्ञापन में पत्रकार पर उमाजी का खेड़ा ग्राम पंचायत क्षेत्र में भी कीमती भूमि पर अतिक्रमण का आरोप लगाते हुए दोनों जगहों से जल्द अतिक्रमण हटाने की मांग की। ज्ञापन की प्रतिलिपि तहसीलदार, नगरपालिका अधिशासी अधिकारी व विकास अधिकारी को भी प्रेषित की गई।

## मुख्यमंत्री ग्राम विकास रथ का शुभारंभ, विधायक खंडेलवाल ने दिखाई हरी झंडी



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** मुख्यमंत्री ग्राम विकास रथ का शुभारंभ मंगलवार को बिजौलियां मंडल के रसदपुरा (आरोली) में हुआ। विधायक गोपाल खंडेलवाल ने पूजा-अर्चना के पश्चात रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक गोपाल खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह विकास रथ बिजौलियां मंडल की प्रत्येक ग्राम पंचायत और हर ढाणी तक पहुँचेगा, ताकि अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी मिल सके और कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे।कार्यक्रम के दौरान विधायक खंडेलवाल ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए गाडोलिया लोहार समाज के परिवारों की आवासीय पट्टा संबंधित समस्याओं को सुना और प्रशासनिक अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। उपखंड अधिकारी अजीत सिंह, तहसीलदार ललित डिडवानिया, विकास अधिकारी अशेष शर्मा, फोरमैन गिरिराज मीणा, सीबीईओ मालीराम और भाजपा मंडल महामंत्री मुकेश धाकड़ सहित कई प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## मुरैना में 1 मई को होगा कायस्थ युवक-युवती परिचय सम्मेलन

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, मुरैना के तत्वावधान में अविवाहित कायस्थ युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 1 मई शुक्रवार को मित्तल धर्मशाला, मुरैना में किया जाएगा। श्री चित्रगुप्त समिति धौलपुर के जिलाध्यक्ष राकेश चंद श्रीवास्तव ने बताया कि वर्तमान समय में समाज के अविवाहित युवक-युवतियों के विवाह में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में मुरैना शाखा की ओर से आयोजित यह सम्मेलन समाज के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। जिला महासचिव विजय श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि सम्मेलन में बाहर से आने वाले अभिभावकों के ठहरने की समुचित व्यवस्था आयोजन स्थल पर ही की गई है, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। वहीं, कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव ने चंबल अंचल के कायस्थ बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में पहुंचकर आयोजन को सफल बनाने का आह्वान किया है।

**कार्यालय तहसीलदार (भू0अ0) आमेर, जिला जयपुर**

क्रमांकः- भू0अ0 / 2026 /1591 दिनांकः- 15-04-2026

**-: आम सूचना का नोटिस:-**

हर आम खास को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी श्री मोहन लाल पुत्र भोलाराम जाति रैगर निवासी बिलौची द्वारा एक प्रार्थना पत्र इस आशय का प्रस्तुत किया गया कि स्व0 नाथी देवी पत्नि भोलाराम जाति रैगर निवासी बिलौची तहसील आमेर द्वारा अपने जीवनकाल में एक रजिस्टैंड वसीयतनामा प्रार्थी श्री श्री मोहन लाल पुत्र भोलाराम जाति रैगर निवासी बिलौची के पक्ष में दिनांक 17.02.20214 को उपपंजियक कार्यालय आमेर में पंजिबद्ध करवाया गया था। वसीयतकर्ती की दिनांक 30.03.2017 को मृत्यु हो चुकी है, मृतक खातेदार स्व0 नाथी देवी पत्नि भोलाराम के नाम राजस्व ग्राम बिलोची तहसील आमेर के जमाबन्दी के ख0न0 1573, 1574, 1575 कुल किता 3 रकबा 0.40 हेक्टे0 में हिस्सा 1/3 खातेदारी दर्ज रिकॉर्ड है। उपरोक्त आराजी खसरा नम्बर वसीयतकर्ती द्वारा विक्रय की गई थी, अर्थात वसीयतकर्ती की स्वर्जित भूमि है। तथा वसीयतकर्ती नाथी देवी नाऔलाद फोत हुई है तथा वसीयतग्रहिता के पास अनरजिर्स्टड गोदनामा भी है जिसमें मृतक खातेदार नाथी द्वारा वसीयतग्रहिता को गोद लिया। उपरोक्त भूमि का नामान्तकरण प्रार्थी श्री मोहन लाल पुत्र भोलाराम जाति रैगर निवासी बिलौची के पक्ष में दर्ज करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। प्रकरण वसीयतनामा का होने के कारण धारा 135 (2) एलआर एक्ट 1956 के तहत दर्ज किया जाकर यह पत्रावली खोली गई। प्रकरण में यदि किसी को कोई उज- एतराज, अथवा आपत्ति हो तो, प्रकरण में नियत आगामी तारीख पेशी 04/5/2026 को न्यायालय हाजा में अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा प्रकरण का एकतरफा निस्तारण कर दिया जावेगा। सूचित रहे।

यह नोटिस आज दिनांक 15/4/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय की मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार (भू0अ0)
तहसील- आमेर, जिला जयपुर

चार दिन पहले गूंज रही थी खुशियां... अचानक थम गई सांसें

## पोयणा में पत्रकार के भतीजे मोहन लाल की मौत से छाया मातम

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निस)** उपखंड क्षेत्र के पोयणा गांव में खुशियों का माहौल अचानक मातम में बदल गया। वरिष्ठ पत्रकार पुखराज कुमावत के भतीजे मोहनलाल (पुत्र मंछाराम सोलंकी) का 25 अप्रैल को अचानक निधन हो जाने से पूरा गांव शोक में डूब गया। इस हृदयविदारक घटना ने हर किसी को स्तब्ध कर दिया है। जानकारी के अनुसार, मोहनलाल सोलंकी 20 अप्रैल को अपने परिवार सहित बेंगलुरु से अपने पैतृक गांव पोयणा आए थे। घर में श्री अंबे माता जी की वर्षगांठ को लेकर उत्सव का माहौल था। 21 व 22 अप्रैल को पूरे परिवार ने हंसी-खुशी और उल्लास के साथ आयोजन मनाया। रिश्तेदारों और ग्रामीणों की मौजूदगी में घर खुशियों से सराबोर था। लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर थाए।

### पलभर में बदल गई तस्वीर:

25 अप्रैल को अचानक तबीयत बिगड़ने से मोहनलाल की सांसें थम गईं। जैसे ही उनकी तबीयत बिगड़ी तुरंत प्रभाव से अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टर ने बचाने की खूब कोशिश की लेकिन चंद मिनट में उनकी सांसे थम गईं। यह खबर जैसे ही गांव में फैली, हर गली-मोहल्ले में सन्नाटा छा गया। परिवार में कोहराम मच गया और खुशियों से गूंज रहा घर देखते ही देखते शोक में डूब गया। ग्रामीणों की आंखें नम हैं। हर किसी की जुबान पर एक ही बात—कुछ दिन पहले तक जो युवक सबके बीच हंसी-खुशी जश्न मना रहा था, उसकी अचानक विदाई ने दिलों को झकझोर कर रख दिया। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण, रिश्तेदार एवं शुभचिंतक शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाने पहुंचे। इस दुखद घड़ी में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरिशंकर मेवाड़ा, नासिर खान, रणछोड़ कुमार रावल सहित कई जनप्रतिनिधियों सहित कई लोगों ने परिवार को सांत्वना दी।

### पत्रकार कुमावत के भतीजे

मोहनलाल सोलंकी की अंतिम यात्रा में पोयणा सहित आसपास के क्षेत्रों से भारी संख्या में लोग शामिल हुए। नम आंखों और भारी मन से सभी ने उन्हें अंतिम विदाई दी। माहौल इतना गमगीन था कि हर आंख आंसुओं से भरी नजर आई।

### गांव में छाया सन्नाटा:

इस असमय घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर है। चौपाल से लेकर घर-आंगन तक हर जगह गमगीन माहौल बना हुआ है।

## मानव-वन्यजीव संघर्ष पर दो दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न, पीड़ितों को न्याय दिलाने पर जोर

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली की ओर से संचालित स्कीम ऑन एक्सेस टू जस्टिस फॉर विक्टिम ऑफ ह्यूमन वाइल्ड लाइफ कॉन्फ्लिक्ट योजना 2025 के प्रभावी क्रियान्वयन और जन- जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का समापन एडीआर परिसर में हुआ। कार्यशाला की अध्यक्षता सचिव रेखा यादव ने की। समापन अवसर पर सचिव रेखा यादव ने कहा कि मानव-वन्यजीव संघर्ष आज एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है। इसके समाधान के लिए प्रशासन, वन विभाग, विधिक सेवा प्राधिकरण और आमजन के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। उन्होंने बताया कि जागरूकता, त्वरित कार्रवाई और कानूनी प्रावधानों की जानकारी के माध्यम से इस समस्या को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने जानकारी दी कि विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रभावित व्यक्तियों को मुआवजा, कानूनी सहायता और पुनर्वास की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। प्रतिभागियों को टोल फ्री नंबर 15100 की जानकारी देते हुए आवश्यकता पड़ने पर इसका उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। जिला वन अधिकारी वी. चेतन कुमार ने कार्यशाला में मानव-वन्यजीव संघर्ष के कारणों, प्रभावों एवं निवारण के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास में हस्तक्षेप और मानव गतिविधियों के विस्तार के कारण इस तरह की घटनाएं बढ़ रही हैं। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा उपाय अपनाने और आपात स्थिति में सतर्क रहने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। कार्यशाला के तहत प्रतिभागियों को वन विहार अभयारण्य का शैक्षणिक भ्रमण भी कराया गया। भ्रमण के दौरान उन्हें वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास, उनकी गतिविधियों और संरक्षण के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को समझाया गया कि वन क्षेत्र में प्रवेश के दौरान सतर्कता बरतना, वन्यजीवों से सुरक्षित दूरी बनाए रखना और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित करना बेहद जरूरी है। इस अवसर पर वरिष्ठ सहायक जगदीश सिंह जादौन, ताल्लुका बाड़ी व राजाखेड़ा के कनिष्ठ सहायक पंकज, अंकित पैनल अधिवक्ता, पीएलवी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सचिव रेखा यादव ने किया जिला कारागृह का मासिक निरीक्षण



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला व सेशन न्यायाधीश संजीव मागो के निर्देशन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव की ओर से जिला कारागृह का साप्ताहिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिला कारागृह में स्थापित प्रिजिन लीगल एड क्लीनिक के संबंध में नालसा की ओर से जारी एस.ओ.पी. में वर्णित दिशा-दिशा निर्देशों की पालना सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए। सचिव की ओर से निरीक्षण के दौरान जेल में बंदियों से उनके प्रकरणों, अपील, जमानत, आगामी पेशी की तारीख, आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की एवं साथ ही बंदियों की विधिक स्थिति, रहन-सहन, भोजन, स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाओं तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की भी जानकारी ली। साथ ही निरीक्षण के दौरान बंदियों के हित में 2025 के संबंध में सचिव ने बंदियों को बताया कि यह योजना विशेष रूप से जेल में बंद व्यक्तियों, विचाराधीन बंदियों व उनके परिवारों को निःशुल्क विधिक सहायता, सामाजिक सुरक्षा व पुनर्वास प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत बंदियों को निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराया जाता है और जमानत, अपील व अन्य कानूनी प्रक्रियाओं में सहायता दी जाती है। साथ ही बंदियों के परिवारों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़कर आर्थिक एवं सामाजिक सहयोग प्रदान किया जाता है आदि के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल पप्पू गुर्जर, असिस्टेंट एलएडीसी मीता अग्रवाल, आराधना शर्मा, दीपक सिंह सिकरवार, स्टेनो राहुल डंडौतिया, जेल अधीक्षक सुमन कुमारी मीणा सहित कारागृह का स्टाफ मौजूद रहे।

## एलईडी वैन से ग्राम आयोजन व 13 विभागों की योजनाओं देने के लिए रवाना हुए ग्राम रथ

जयपुर टाइम्स




**जालोर(निस)।** राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं किसानों को ग्लोबल राजस्थान ऐग्रीटेक मीट (ग्राम) व कृषि की आधुनिक तकनीकी के बारे में जानकारी देने के लिए चलाए जा रहे ग्राम रथों को अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर से संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना कर जिले में ग्राम रथ अभियान का शुभारंभ किया। मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग व जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे सहित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने जिले के पाँचों विधानसभा क्षेत्रों के लिए बनाए गए विशेष रथों का अवलोकन कर एलईडी पर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की फिल्मों का प्रदर्शन देखा तथा प्रचार साहित्य को प्रत्येक ग्राम पंचायत तक वितरण करने के निर्देश दिए। ग्राम रथ 15 दिवस तक प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर पहुंच कर एलईडी के माध्यम से योजनाओं की जानकारी देगें तथा क्षेत्र की समस्याओं को शिकायत पेटिका में प्राप्त करेगें।

### मुख्यमंत्री का संदेश पहुंचेगा गांव-ढाणी तक:

ग्राम रथों के माध्यम से ग्राम पंचायत मुख्यालयों तक माननीय मुख्यमंत्री के संदेशों का प्रसारण भी किया जाएगा। सूचना व जनसंपर्क विभाग की ओर से एलईडी स्क्रीन के माध्यम से योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा, जिससे अधिकाधिक ग्रामीण लाभान्वित हो सकेगें। ग्राम आयोजन की जागरूकता के लिए राज्य सरकार के निर्देशानुसार किसानों, पशुपालकों व ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को जनकल्याणकारी योजनाओं व विकास कार्यों की जानकारी दी जाएगी। अभियान के अंतर्गत ग्राम रथों के माध्यम से ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर विभिन्न विभागों की ओर से संचालित योजनाओं, लाभकारी कार्यक्रमों व सरकारी सेवाओं की जानकारी ग्रामीणों को सरल एवं प्रभावी तरीके से दी जाएगी। योजनाओं से संबंधित प्रचार सामग्री, पुस्तिकाएं व पैम्पलेट भी उपलब्ध कराएं जाएंगे। कलाजत्था के कलाकारों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर ग्रामीणों को जागरूक किया जाएगा।

### ग्रामीण सुझाव पेटिका में दे सकेंगे फीडबैक:

अभियान के सफल संचालन, समन्वय व मॉनिटरिंग के लिए जिला स्तर पर अधिकारियों की जिम्मेदारियां तय की गई हैं। प्रत्येक पंचायत स्तर पर संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगे। ग्रामीण रथों में सुझाव पेटिका में ग्राम आयोजन से संबंधित सुझाव एवं क्षेत्र की समस्याओं को लिखकर रख सकेगे।

# बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश, 12 वारदातें कबूली, दो गिरफ्तार

### बागोडा पुलिस ने कार्यवाही कर चोर गिरोह का पर्दाफाश किया

जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** जिले के बागोड़ा थाना पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश कर दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अलग अलग 12 वारदातें करना कबूल किया है। एसपी शैलेन्द्रसिंह इंदोलिया के निर्देशन में सम्पति संबंधी अपराधों में कमी लाने व प्रकरणों में वांछित चोर/नकबजनों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत बागोड़ा थानाधिकारी बलदेवराम के नेतृत्व में 17 अप्रैल 2026 को इम्तियाज खा पुत्र शेरु खा मुसलमान निवासी तासखाना बावडी (जालोर) हाल निवासी बागोडा पुलिस थाना बागोडा ने उपस्थित थाना होकर एक लिखित रिपोर्ट पेश की गई कि उसकी एसी सर्विस एण्ड रिपेयर की दुकान कस्बा बागोडा से 7 अप्रैल 2026 को उसकी मोटर साईकिल को अज्ञात चोर चुरा ले गए। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। वांछित वाहन चोर गिरोह जो लगातार वाहन चोरी की वारदातो में शरीक होने के कारण फरार आरोपियो को थाना स्तर पर गठित टीम की ओर से मुखबीर तंत्र एवं तकनीकी सहायता से वाहन चोरी के आरोपियों को गिरफ्तार कर जांच शुरु की। पुलिस के अनुसार थाना पर गठित टीम की ओर से सीसीटीवी फुटेज की मदद से तकनीकी साक्ष्य जुटाकर व गुप्त आसूचना के आधार पर आरोपी वरियाम खां, आसूखां को दस्तयाब कर करीबन एक दर्जन मोटरसाईकल चोरी की वारदातोंका खुलासा किया। आरोपियों से अग्रिम अनुसंधान एवं बरामदगी जारी है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों द्वारा विभिन्न स्थानों, दुकानों व घरों के आगे खड़े किए गए वाहनों की रैकी करके अपने टीम सदस्यो के साथ मिलकर रात में मोटरसाईकिलो के 'हैडल लॉक मास्टर की से तोड़कर चोरी करके वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस ने इस मामले में वरियाम खां पुत्र शफी मोहम्मद सिंधी मुसलमान निवासी मीठोडा पुलिस थाना सिवाना जिला बालोतरा व आसू खांन पुत्र वशीर खां सिंधी मुसलमान निवासी मीठोडा पुलिस थाना सिवाना जिला बालोतरा को गिरफ्तार किया है। वहीं पहाडुखां उर्फ इकबालखां पुत्र शफी मोहम्मद सिधी मुसलमान निवासी मीठोडा पुलिस थाना सिवाना जिला बालोतरा, शौमत खां पुत्र शफी मोहम्मद सिधी मुसलमान निवासी मीठोडा पुलिस थाना सिवाना जिला बालोतरा फरार चल रहे हैं। कस्बा जीवाणा से टायर पंचर की दुकान के आगे से 2.अप्रैल.2026 रात में मोटरसाइकिल चुराकर ले जाना, सरहद ईटवाया पुलिस थाना सिवाना जिला बालोतरा से शीतला सप्तमी की रात को सडक के किनारे गेट के पास खडी मोटरसाईकल चुराकर ले जाना, भारतमाला रोड एनजी कैम्प सरहद पादरू पुलिस थाना सिवाना से करीबन 20 दिन पूर्व रात में मोटरसाईकल चुराकर ले जाना, गांव उमसर गोलिया पुलिस थाना सिवाना से जनवरी माह में रात्री में मोटरसाईकल चुराकर ले जाना, कस्बा सिवाना मीठोडा रोड पुलिस थाना सिवाना से रात्री में मोटरसाईकल चुराकर ले जाना, कस्बा जीवाणा पुलिस थाना सायला से 2.सितंबर 2025 को घर के आगे खडी मोटरसाईल रात्री मे चुराकर ले जाना, कस्बा कुडंल सरियादेवी मंदिर पुलिस थाना सिवाना से 11 जनवरी 2026 को रात्री मे मंदिर के आगे खडी मोटरसाईल चुराकर ले जाना, गांव आलवाडा पुलिस थाना सायला से 28 दिसम्बर.2025 को मोटर रिवाईडिंग दुकान के आगे खड़ी मोटरसाईकल चुराकर ले जाना, गांव इन्द्राणा पुलिस थाना सिवाना से अक्टूबर-नवम्बर 2025 को घर के आगे खडी मोटरसाईल रात्री मे चुराकर ले जाना, गांव थापन पुलिस थाना सिवाना से माह जनवरी 2026 को हाईवे बालोतरा-सिवाना मुख्य सडक घर के सामने खड़ी मोटरसाईकल रात्री में चुराकर ले जाना, पुलिस थाना सिवाना जिला बालोतरा हल्का क्षेत्र से करीब चार माह पूर्व फरार आरोपी पहाडुखां उर्फ इकबालखां ने मोटरसाईकिल रात मे चुराकर ले जाने की वारदातें कबूल की है।

# घर आने का था इंतजार, उसी दिन पहुंचा पार्थिव शरीर, अरुणाचल में राजस्थान का जवान शहीद

जयपुर टाइम्स

**नीमकाथाना/पाटन।(निस)।** सीकर जिले के नीमकाथाना क्षेत्र से एक बेहद हृदयविदारक खबर सामने आई है। देश की रक्षा करते हुए भारतीय सेना के ग्रेनेडियर जवान देशराज सिंह तंवर अरुणाचल प्रदेश में ड्यूटी के दौरान शहीद हो गए। सबसे दर्दनाक बात यह रही कि जिस दिन परिवार उनके घर लौटने का इंतजार कर रहा था, उसी दिन उनका पार्थिव शरीर गांव पहुंचा। यह खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और हर आंख नम हो उठी। जानकारी के अनुसार, काचरेड़ा निवासी देशराज सिंह की तैनाती भारत-चीन सीमा के पास संवेदनशील क्षेत्र में थी। 25 अप्रैल को ड्यूटी के दौरान भूस्खलन (लैंडस्लाइड) की चपेट में आने से वे वीरगति को प्राप्त हो गए। हादसे में उनके साथ दो अन्य जवान भी शहीद हुए, जबकि एक जवान घायल हो गया।



### 2019 में जॉइन की थी सेना:

परिजनों के अनुसार, देशराज सिंह जुलाई 2019 में भारतीय सेना में भर्ती हुए थे। वे हाल ही में 13 जनवरी को छुट्टी लेकर घर आए थे और एक महीने बाद 14 फरवरी को वापस ड्यूटी पर लौट गए थे। 28 अप्रैल को फिर से छुट्टी लेकर घर आने वाले थे, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था।

### गांव में शोक, लेकिन गर्व भी:

पूरे गांव में गम का माहौल है, लेकिन लोगों के चेहरों पर अपने वीर सपूत की शहादत पर गर्व भी साफ झलक रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि देशराज सिंह ने देश की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है, जिसे हमेशा याद रखा जाएगा। यह बलिदान न केवल परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र और देश के लिए गर्व का विषय बन गया है।

### तीन साल पहले हुई थी शादी:

देशराज सिंह का विवाह वर्ष 2023 में हुआ था। उनके पीछे पत्नी तमन्ना देवी और दो साल की मासूम बेटी है। शहादत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार:

मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे पैतृक गांव के निकट श्मशान घाट पर सेना के जवानों ने पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया। इससे पहले सेना की ओर से शहीद को सलामी दी गई और तिरंगा उनके पिता को सौंपा गया। चाचा के बेटे रवि सिंह ने पार्थिव देह को मुखाग्नि दी।

### 6 किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा:

शहीद का पार्थिव शरीर सुबह पाटन थाने पहुंचा, जहां से करीब 6 किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा निकालकर पैतृक गांव काचरेड़ा लाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण, युवा और आसपास के लोग शामिल हुए। जगह-जगह फूलों की वर्षा कर शहीद को श्रद्धांजलि दी गई और 'देशराज सिंह अमर रहे' के नारे गूंजते रहे।

### परिवार में सेना की परंपरा:

देशराज सिंह का परिवार लंबे समय से सेना से जुड़ा रहा है। उनके बड़े भाई भोजराज सिंह भी सेना में कार्यरत हैं और वर्तमान में जम्मू-कश्मीर में तैनात हैं। वहीं उनके दादा भगवान सिंह भी सेना से सेवानिवृत्त हो चुके हैं।

## जिला कलक्टर से की भ्रष्टाचार की जांच करवाने की मांग



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** निवर्तनमान पार्षद ईकबाल खान कायमखानी, जावेद खिची ने चूरू जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपकर सुजानगढ़ नगरपरिषद में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। ज्ञापन में बताया गया है कि नगरपरिषद के सफाई व घर-घर कचरा संग्रहण के कार्यों के टेंडर का नियम विरूद्ध टाईम बढ़ाकर फर्म विशेष को फायदा पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है, जिसकी जांच होनी अति आवश्यक है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि कुछ ठेकेदारों की ओर से अधिकारियों पर राजनीतिक दबाव बनाकर टेंडर रूकवाये जाते हैं और कभी मनचाही फर्म को टेंडर दिलवाये जाते हैं, ऐसे ठेकेदारों की जांच की जानी आवश्यक है। इसी प्रकार दुलिया तलाई में लगने वाली मोटर के टेंडर को राजनीतिक दबाव के चलते रोके जाने के आरोप लगाए गए हैं। जिसके चलते करीब 15 वार्डो का पानी सड़क पर आने का अंदेशा है। जबकि यहां पर 40 लाख की पाईप लाईन बिना मोटर के बेकार है। अतः मामले की जांच कर दोषियों पर कार्यवाही किए जाने की मांग की गई है।

## झुंझुनूं में 1 से 9 मई तक 'श्री रामकथा अमृतवर्षा', कलश यात्रा से होगा शुभारंभ

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** शहर में धर्म, आस्था और संस्कृति की पावन धारा बहाने के उद्देश्य से 1 से 9 मई 2026 तक 9 दिवसीय 'श्री रामकथा अमृतवर्षा' का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस दौरान अयोध्या धाम के संत श्री धर्मदास महाराज प्रभु श्रीराम की दिव्य जीवन गाथा का श्रवण कराएंगे। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित होगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। आयोजन का शुभारंभ 1 मई को सुबह 8:15 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। यह यात्रा शिव मंदिर, बावलियों की बगीची से शुरू होकर कथा स्थल तक पहुंचेगी। यात्रा में सैकड़ों महिलाएं सिर पर कलश धारण कर मंगल गीतों के साथ भाग लेंगी, जिससे पूरे शहर में भक्तिमय माहौल बनेगा। रामकथा का आयोजन चूणा चौक पार्क स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर के सामने, पुरोहितों की बगीची, राणी सती रोड पर किया जाएगा। आयोजन स्थल पर विशाल पंडाल, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, छाया एवं सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए जा रहे हैं। कथा वाचन अयोध्या धाम के प्रसिद्ध संत एवं कथावाचक श्री धर्मदास महाराज द्वारा किया जाएगा, जो अपने ओजस्वी एवं भावपूर्ण प्रवचनों के लिए जाने जाते हैं। उनके प्रवचनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को भगवान श्रीराम के जीवन के विभिन्न प्रसंगों से प्रेरणा प्राप्त होगी। आयोजन के संयोजक महेश बसावतिया ने बताया कि यह कार्यक्रम समाज में धार्मिक जागरूकता, संस्कारों की स्थापना और सामाजिक एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने नगरवासियों से सपरिवार अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण करने का आह्वान किया। आयोजकों के अनुसार यह आयोजन न केवल धार्मिक कार्यक्रम है, बल्कि समाज को जोड़ने और नैतिक मूल्यों को मजबूत करने का एक सशक्त प्रयास भी है, जिसमें आस्था, संस्कृति और एकता का संगम देखने को मिलेगा।

## जल संरक्षण पर निबंध प्रतियोगिता



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के अधिशासी अभियंता मनोज कुमार मित्तल के निर्देशानुसार मंगलवार को कैम्ब्रिज विद्यालय में जल संरक्षण विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान प्रियांशी ढाका, द्वितीय स्थान नितिन पुनियां और तृतीय स्थान समर्थ पारीक ने प्राप्त किया।सामुदायिक जागरूकता व जन सहभागिता इकाई के बाबू लाल ने बताया की निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना तथा बताया कि जल है तो कल है इसके बाद भी जल बेवजह बर्बाद किया जाता है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि जल-संकट का समाधान जल के संरक्षण से ही है। हम हमेशा से सुनते आये हैं जल ही जीवन है, जल सरंक्षण हमारा दायित्व ही नहीं कर्तव्य भी है, पानी को किसी भी तरह बर्बाद नहीं करे, आवश्यकतानुसार ही जल का उपयोग करे, पानी की एक एक बून्द बचाएं तथा जीवन के सभी कार्यो का निष्पादन करने के लिए जल की आवश्यकता होती है। फर्श को पाइप से धोने की बजाय पोछे से साफ करे, सेविंग करते वक्त नल को खुला ना छोड़े, मग में पानी लेकर सेव करे, लीकेज व टपकते नलों को तुरंत ठीक करावे। इस प्रकार की छोटी छोटी आदतों से बहुत सारा पीने वाला पानी बचाया जा सकता है जो आज की बचत और कल का भविष्य है और इसमें बच्चे अपना अहम रोल निभा सकते है। इसलिए अब समय आ गया है हम सब को आगे आकर पानी को बचाने के उपाय करने होंगे। कार्यक्रम में विद्यालय की दीक्षा चौधरी व भेरू सिंह ने कहा कि ऐसी गतिविधियां होनी चाहिए ताकि लोग व बच्चे जल संरक्षण को लेकर जागरूक हो सके। कार्यक्रम में विद्यालय शिक्षक कुलवीर सिंह व पवन सिंह ने सहयोग प्रदान किया।

## भागवत कथा:कृष्ण-रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाया, उमड़ी भीड़

**मण्डावा(निस)।** नगर पालिका के निकट महाजन पंचायत भवन में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन मंगलवार को कथा व्यास रजनीश्वरी मिश्रा ने श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग का वर्णन किया। इस दौरान कथा पंडाल में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। कथा व्यास मिश्रा ने बताया कि भगवान पर अटूट विश्वास रखने से वे भक्तों की हर स्थिति में रक्षा करते हैं। उन्होंने रुक्मिणी को साक्षात लक्ष्मी का स्वरूप बताया, जो नारायण से दूर नहीं रह सकतीं। उन्होंने बताया कि देवर्षि नारद से श्रीकृष्ण के रूप, सौंदर्य और गुणों की प्रशंसा सुनकर रुक्मिणी ने मन ही मन उनसे विवाह का निश्चय किया था।

## मेधावी छात्रों का भव्य सम्मान समारोह

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के बाल मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्वर्गीय सेठ जीवणमल नाहटा की स्मृति में उनके सुपुत्र विजय कुमार नाहटा के आर्थिक सहयोग से संपन्न हुआ। शैक्षणिक सत्र 2025-26 की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए विद्यालय प्रांगण तालियों की गूंज से गूंज उठा। विद्यार्थियों की उपलब्धियों ने अभिभावकों और विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया। समारोह के मुख्य आकर्षण विद्यालय के टॉपर यस्मित मोदी रहे। जिन्होंने 97.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से उन्हें 11,000 रुपये का चेक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में पलपल मोदी 97.17 प्रतिशत, प्रिया सैनी 96.60 प्रतिशत, प्रज्ञा नौलखा 96.17 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर प्रत्येक को 5,100 रुपये की नगद राशि एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 3,100 रुपये। 85 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वालों को 1,100 रुपये प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त कक्षा 5वीं और 8वीं में ग्रेड प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी 1,100 रुपये एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मीनाक्षी बेनीवाल 94.83 प्रतिशत, वर्षा सैनी 93.40 प्रतिशत, भावना प्रजापत 92.60 प्रतिशत, मोहित सोनी 89.17 प्रतिशत, उदिता पारीक 89.40 प्रतिशत, मीनाक्षी शेखावत 89.40 प्रतिशत सहित कई विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। अन्य सभी सफल विद्यार्थियों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। समारोह में बड़ी संख्या में अभिभावकों की उपस्थिति रही। विद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों की सफलता का श्रेय उनकी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग को दिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य पन्नालाल देरासरी, राजेन्द्र पींचा, जय सिंह चिंडालिया, विद्यालय व्यवस्थापक सूरज प्रकाश बुच्चा तथा प्रधानाचार्य जोरावर सिंह शेखावत सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह समारोह न केवल प्रतिभाओं के सम्मान का मंच बना, बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।




## चूरू में ग्राम रथों को हरी झंडी, अंतिम छोर तक पहुंचेगी कृषक योजनाओं की जानकारी: सुराणा

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** राज्य सरकार की कृषक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे किसानों तक पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार को जिला मुख्यालय से ग्राम रथ अभियान की शुरुआत की गई। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने जिला परिषद परिसर से रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान लोक कलाकारों ने विभागीय योजनाओं और लोक संस्कृति पर आधारित आकर्षक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि प्रदेश में प्रस्तावित ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट-2026 को ध्यान में रखते हुए ग्राम-2026 अभियान के तहत किसानों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने और सरकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र किसान तक पहुंचाने के लिए यह पहल की गई है। उन्होंने बताया कि आगामी 15 दिनों तक ग्राम रथ जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के ग्रामीण इलाकों में भ्रमण कर कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन सहित 13 विभागों की योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाएंगे। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि ग्राम रथ अभियान के दौरान अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें और उनका लाभ उठाएं। मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद श्वेता कोचर ने बताया कि यह ग्राम रथ जिले की छह विधानसभा क्षेत्रों—चूरू, तारानगर, सादुलपुर, सरदारशहर, सुजानगढ़ और रतनगढ़—के ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करेंगे। साथ ही स्थानीय लोक कलाकार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से योजनाओं का संदेश जन-जन तक पहुंचाएंगे। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भागचंद खारिया, विक्रम कोटवाद, भास्कर शर्मा, दीनदयाल सैनी, सुरेश सारस्वत, सुशील लाटा, उद्यान उपनिदेशक डॉ. धर्मवीर डूडी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मोदी पब्लिक स्कूल ने पहले आरटीई अभ्यर्थियों से पाठ्यपुस्तकों के नाम पर वसूले पैसे....

### धरना लगा, तो अभिभावकों को पैसे वापस लौटाने को हुए तैयार



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय सीबीईओ कार्यालय के सामने मोदी पब्लिक स्कूल की कथित मनमानी नीतियों के खिलाफ अभिभावक बाबूलाल मेघवाल का क्रमिक धरना लगातार दूसरे दिन मंगलवार भी जारी रहा। हलांकि हालांकि दोपहर बाद सीबीईओ व मोदी स्कूल की प्रिंसिपल की मौजूदगी में हई वार्ता के बाद धरना समाप्त कर दिया गया। धरनार्थी बाबूलाल मेघवाल ने बताया कि आरटीई (राईट टू एज्यूकेशन) में एडमिशन होने के बावजूद भी मनमाने तरीके से पाठ्य पुस्तकों के नाम पर हजारों रूपए लिए जाते हैं। ऐसे में गरीब अभिभावक इनकी किताबों के नाम पर ली जा रही मोटी रकम कैसे भरेगा धरनार्थी ने बताया कि 2024 में इस विद्यालय के खिलाफ परिजनों की शिकायत होकर जांच कंपलीट होने के बावजूद आज दिन तक इस विद्यालय पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई, ऐसे में दोषी सरकारी अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग भी मैं करता हूं। दूसरी ओर स्कूल की प्रिंसिपल संतोष चौधरी, मैनेजमेंट की ओर से इलियास खान के साथ धरनार्थी बाबूलाल मेघवाल की सीबीईओ सुनीता चौधरी की मौजूदगी में वार्ता हुई, जिसमें आरटीई के अभ्यर्थियों से पाठ्यपुस्तकों के नाम पर लिए गए सारे पैसे वापस अभिभावकों को दिए जाने के लिए प्रिंसिपल ने सहमति दी। सीबीईओ ने बताया कि जो भी पैसे आरटीई के अभ्यर्थियों से पुस्तकों के लिए गए, वो वापस दिए जायेंगे। वहीं सोचने वाली बात ये है कि नियमों को धत्ता बताकर शिक्षा का अधिकार कानून का उल्लंघन करते हुए मोदी पब्लिक स्कूल के मैनेजमेंट ने आरटीई के अभ्यर्थियों से पाठ्यपुस्तकों के नाम पर पैसे ले लिए, फिर भी प्रशासन कौनसे दबाव में कार्यवाही करने से कतरा रहा है। फिलहाल वार्ता के बाद धरना समाप्त करने पर धरनार्थी बाबूलाल मेघवाल ने सहमति जाहिर की है।

## बीदासर से 'ग्राम रथ अभियान' की शुरुआत, गांव-गांव पहुंचेगी योजनाओं की जानकारी



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** राज्य सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विधानसभा क्षेत्र में 'ग्राम रथ अभियान' बीदासर से शुभारंभ किया गया। अभियान के तहत एलईडी मोबाइल वैन के जरिए ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा।शुभारंभ अवसर पर उपखंड अधिकारी मोहर सिंह मीणा, तहसीलदार फारूक अली, विकास अधिकारी रोमा सहारन, महावीर मातवा सहित प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे। अभियान के तहत कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य, सहकारिता, सिंचाई, उद्योग, ऊर्जा, राजस्व, पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास सहित अन्य विभागों की योजनाओं की जानकारी गांव-गांव पहुंचाई जाएगी। एलईडी वैन के माध्यम से योजनाओं का प्रदर्शन कर ग्रामीणों को सरल भाषा में जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।अभियान के सुचारू संचालन के लिए उपखंड अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है, वहीं पंचायत समिति स्तर पर अधिकारियों की जिम्मेदारियां तय कर मॉनिटरिंग की व्यवस्था की गई है। ग्राम रथों में सुझाव पेटिका भी रखी गई है, जिससे ग्रामीण अपनी समस्याएं और सुझाव सीधे प्रशासन तक पहुंचा सकेंगे।इसके साथ ही कला जत्थों के माध्यम से भी योजनाओं का प्रचार किया जाएगा। प्रशासन ने अभियान में जनप्रतिनिधियों और आमजन की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।

# पाटन में पहाड़ी पर भीषण आग, चार घंटे बाद पाया काबू

जयपुर टाइम्स

**पाटन(निस)।** कस्बे के करजो रोड स्थित मोक्ष धाम के पास पहाड़ी क्षेत्र में मंगलवार दोपहर अचानक आग लग गई। सूखी वनस्पति में लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और कई हेक्टेयर क्षेत्र में फैल गई। आग बुझाने के लिए प्रशासन, दमकल विभाग व ग्रामीणों को करीब चार घंटे तक कड़ी मशक्कत करनी पड़ी, तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका। पाटन सरपंच मनोज चौधरी ने बताया कि करजो रोड पर मोक्ष धाम के समीप पहाड़ी पर आग लगने की सूचना मिलते ही प्रशासन, दमकल और वन विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया गया। सूचना के बाद ग्रामीणों के सहयोग से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया।



### तीन दमकल व टैंकरों की ली मदद:

शुरुआत में नीमकाथाना से एक दमकल और दो पानी के टैंकर मौके पर पहुंचाए गए, लेकिन तेज हवा के कारण आग लगातार फैलती रही। स्थिति गंभीर होने पर कोटपूतली से एक और दमकल बुलाई गई। इसके बावजूद आग पर पूरी तरह नियंत्रण नहीं हो सका, जिसके बाद सिरोही स्थित अल्ट्राटेक प्लांट से तीसरी दमकल मंगवाई गई। करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद तीन दमकल, दो पानी के टैंकर और ग्रामीणों के संयुक्त प्रयासों से आग पर काबू पाया जा सका। इस अग्निकांड में कई हेक्टेयर क्षेत्र में फैली वनस्पति और पेड़-पौधे जलकर राख हो गए।

### दमकल की कमी पर ग्रामीणों में रोष:

घटना के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों ने पाटन में दमकल सुविधा नहीं होने पर नाराजगी जताई। ग्रामीणों का कहना है कि तहसील मुख्यालय होने के बावजूद यहां दमकल की व्यवस्था नहीं है। पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण आग की घटनाएं अक्सर होती रहती हैं, लेकिन हर बार नीमकाथाना से दमकल बुलानी पड़ती है, जिसे पहुंचने में करीब एक घंटा लग जाता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पाटन में स्थायी दमकल केंद्र स्थापित करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर समय रहते काबू पाया जा सके।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।